पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 257 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 13 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नेता हुए 'बागी'...क्या करें सियासी 'काजी'?

### धड़ाधड़ इस्तीफों से बढ़ी भाजपा की चिंता

**14 जनवरी पर सबकी नजरें, बड़े भाई दारा सिंह अपने फैसले पर पुनर्विचार करिये: केशव प्रसाद मौर्य**





फिरोजाबाद/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दो दिन में दूसरा बड़ा झटका लगा है। कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के अगले ही दिन बुधवार को वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने भी इस्तीफा दे दिया। दारा सिंह ने सोची समझी रणनीति के तहत भाजपा से इस्तीफा दिया है। वह अब मुख्तार अंसारी की घोसी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर दारा सिंह इस सीट से सपा के टिकट पर लड़ते हैं तो उनकी जीत एकदम पक्की है। वहीं, सपा भी मुख्तार अंसारी की आपराधिक छवि से दूर रहने के लिए दारा सिंह को टिकट दे सकती है। उनकी मौजूदा सीट मऊ की मधुबन विधानसभा भी सपा के साथ जाने से मजबूत हो रही है। हालांकि जातिगत समीकरणों के हिसाब से उनके लिए घोसी सीट ज्यादा सुरक्षित दिख रही है।

**दारा ने वजह कुछ और बताई, पर अखिलेश ने इशारा कर दिया:** दारा सिंह ने योगी को भेजे इस्तीफे में लिखा- मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरे मन से निभाई, पर सरकार किसानों, पिछड़ों, वंचितों, बेरोजगारों की उपेक्षा कर रही है। इसके अलावा पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को लेकर जो खिलवाड़ हो रहा है, उससे मैं आहत हूं। इसी वजह से मंत्रिमंडल से इस्तीफा देता हूं। उधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी दारा सिंह के उनकी पार्टी में शामिल होने का इशारा किया। अखिलेश ने कहा कि यूपी की जनता घृणा और नकारात्मकता की राजनीति से आजिज आ चुके हैं। हमारी पार्टी सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। हमें खुशी है कि स्वामी प्रसाद साथ आए और भी लोग आए हैं। इससे हमारी पार्टी की लड़ाई आसान हो गई है।

दारा सिंह मऊ की मधुबन सीट से वह 2017 के चुनाव में भाजपा के टिकट से जीते थे। सही मायने में दारा सिंह ने क्षेत्र में अपने प्रभाव से भाजपा को जिताया था। यहां पहली बार भाजपा को जीत मिली। सपा को राजभर का साथ मिलने पर अब इस सीट पर गुणा-भाग बदल सकते है।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में स्वामी प्रसाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

सुल्तानपुर

यूपी सरकार के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 24 जनवरी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बसपा में रहते हुए देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिस पर सुल्तानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने आदेश जारी किया है। 24 जनवरी को मामले में सुनवाई होगी। यह आदेश 2016 में हाईकोर्ट द्वारा जारी किया गया था तब उन्होंने इस पर स्टे ऑर्डर ले लिया था। स्वामी प्रसाद प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री थे। जहां से उन्होंने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और 14 जनवरी को वह सपा में शामिल होंगे।

जीत पक्की करने के लिए वह राह बदलते नजर आ रहे हैं।

**14 जनवरी को क्या-क्या होगा?**

योगी सरकार की कैबिनेट से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य 14 जनवरी को बड़ा धमाका करने का एलान कर चुके हैं। चर्चा है कि 12 जनवरी को योगी कैबिनेट से त्यागपत्र देने वाले दारा सिंह चौहान भी 14 जनवरी को सपा के साथ जा सकते हैं। कांग्रेस उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची इसी दिन जारी करेगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा के प्रत्याशियों की लिस्ट भी इसी दिन आ सकती है।

### भाजपा को कितनी भारी पड़ने वाली है संक्रांति?

नई दिल्ली/लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले दो चरण के लिए भाजपा उम्मीदवारों की सूची लगभग तय कर चुकी है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि कम से कम 60 वर्तमान विधायकों के टिकट कटने तय हैं। यह खबर आने से पहले ही योगी कैबिनेट में शामिल स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार (11 जनवरी) अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, 12 जनवरी यानी बुधवार को दूसरे कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने भी अपना इस्तीफा भेज दिया। अटकलें हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह दारा सिंह चौहान भी समाजवादी पार्टी की साइकिल पर सवार हो सकते हैं। स्वामी प्रसाद ने 14 जनवरी को बड़ा खुलासा करने का एलान किया है तो दारा सिंह चौहान पर भी 14 जनवरी को ही बड़ी बात सामने आने की चर्चा है। अब सवाल यह उठता है कि 14 जनवरी को होने वाली मकर संक्रांति भाजपा के लिए कितनी भारी साबित होने वाली है?

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली-** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नामों पर मंथन के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोर ग्रुप की बैठक दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। बैठक में विधानसभा चुनाव के दावेदारों के नाम पर मंथन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुये। कोरोना संक्रमित होने के कारण नड्डा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। भाजपा मुख्यालय में हुई इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, संगठन मंत्री सुनील बंसल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान समेत कई अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल रहे। सुबह 11 बजे शुरू हुई इस बैठक में विधानसभा सीटवार दावेदारों के नाम पर चर्चा की गई। बीते मंगलवार को शुरू हुई इस बैठक में प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान वाली सीटों पर कोर ग्रुप के नेताओं ने विचार-विमर्श किया। सीटवार उम्मीदवारों के नाम और उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किये गये कार्यों और उपलब्धियों पर भी गौर किया गया। नामों पर चर्चा के बाद उसे अंतिम सूची में शामिल करने के लिये भेज दिया जायेगा। तत्पश्चात सूची को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष भेजा जायेगा। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अगले सप्ताह होने की संभावना है।

### रक्षा मंत्री की सेहत के लिए अजमेर शरीफ दरगाह पर विशेष दुआ की गई

**नई दिल्ली/अजमेर-** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सेहत और सलामती के लिए विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेर की दरगाह में दरगाह कमेटी के नायब सदर मुनव्वर खान की तरफ से विशेष दुआ कार्यक्रम का ऐहतेमाम किया गया। इस मौके पर सैयद मुनव्वर चिश्ती नियाजी के जरिए कराई गई दुआ में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दुआ कार्यक्रम में शामिल होने वाले जायरीन से कोविड प्रोट्रोकॉल का पालन की अपील भी की गई थी। दरगाह कमेटी के नायब सदर मुनव्वर खान ने बताया कि उनकी तरफ से पिछले शुक्रवार के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पंजाब यात्रा पर जाने के समय हुई सुरक्षा में चूक पर उनकी सुरक्षा, सेहत, सलामती के लिए विशेष दुआ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अब जबकि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कोरोना संक्रमित होने की खबर है तो उनकी सेहत और लंबी उम्र के लिए आज दरगाह पर दुआ मांगी गई है। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद रफीक, रमजान खान, इस्हाक खान, अब्दुल रहमान, राजवीर चीता इत्यादि मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर करीब एक करोड़ लोग करेंगे सूर्य नमस्कार- सबार्नंद सोनोवाल

**नई दिल्ली-** मकर संक्रांति के पर्व को और अधिक खास बनाने के लिए आयुष मंत्रालय ने इस बार विशेष तैयारी की है। केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोणोवाल ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बताया कि 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति के दिन देश-विदेश के 75 लाख से अधिक लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक सूर्य नमस्कार करेंगे। आयुष मंत्रालय का लक्ष्य 75 लाख लोगों को सूर्य नमस्कार से जोड़ने का है लेकिन अनुमान है कि इस कार्यक्रम में एक करोड़ से अधिक लोग वर्चुअली जुड़ेंगे। आयुष मंत्रालय ने इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए लिंक उपलब्ध करवाए हैं, जिस पर जाकर आप अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।आयुष मंत्री सोणोवाल के अनुसार अब तक 40 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, अगले दिनों में 75 लाख का आंकड़ा पार होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग अपने-अपने घरों में रहकर वर्चुअली इससे जुड़ेंगे, साथ ही वह अपना सूर्य नमस्कार का वीडियो भी आयुष मंत्रालय को भेज सकते हैं, इसके बाद आयुष मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल द्वारा भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे होगा। अलग-अलग देशों में ये सूर्योदय के समय शुरू होगा।

## ओमिक्रोन सर्दी जुकाम नहीं है, इसलिए लोग सावधानी बरतें- डॉ. पॉल

नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि ओमिक्रोन को लोग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जो कि खतरनाक साबित हो सकता है। लोग इसे साधारण सर्दी जुकाम की तरह मान रहे हैं जो कि गलत है। कई देशों में इसके नतीजे देखे जा रहे हैं। बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. वीके पॉल ने कहा कि टीकाकरण के कारण ओमिक्रोन से लोग कम अस्पताल जा रहे हैं। लेकिन ओमिक्रोन को लोग हलके में न लें और सावधानी बरतें। लोग मास्क पहने और हेल्थ हाइजीन का पूरा ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि कुछ डेटा के आधार पर भी यह सिद्ध हुआ है कि टीका लगवाने वाले 78 प्रतिशत लोगों में ओमिक्रोन के हल्के लक्षण दिखाई दिए हैं। इसी के साथ 90-95 प्रतिशत ऐसे लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरुरत भी नहीं पड़ी है। इसलिए जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं ली है उन्हें वैक्सीन लेनी चाहिए।

## सपा पर अब बीजेपी का पलटवार

### मुलायम सिंह के समधी व सपा विधायक भाजपा में शामिल

लखनऊ

यूपी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में चुनाव से पूर्व दल-बदल की सियासत भी तेज हो गई है। सपा से तीन वार के विधायक, सैफई परिवार के रिश्तेदार और फिरोजाबाद जिले के कद्दावर नेता हरिओम यादव यादव द्वारा बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से जिले की राजनीति गरम हो गई है। विधायक हरिओम यादव वर्ष 2002 में शिकोहाबाद व 2012 और 2017 में सिरसागंज सीट से विधायक रह चुके हैं तथा वह रिश्ते में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के समधी है। वह




फिलहाल सपा से निलंबित चल रहे थे। उन्हें फरवरी 2021 में सपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण छह साल के लिए निलंबित कर दिया था। शिवपाल यादव के सपा से अलग होने के बाद हरिओम यादव भी शिवपाल के साथ हो गये थे। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद से प्रसपा उम्मीदवार रहे शिवपाल के समर्थन में हरिओम यादव ने न केवल प्रसपा का झंडा उठाया था बल्कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव पर जमकर जबावी हमला भी किया था। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत चुनाव में भी भाजपा की मदद की थी। जिस कारण भाजपा ने फिरोजाबाद जिला पंचायत चुनाव में जीत हासिल की थी।

हालांकि 2022 विधानसभा चुनाव के लिये अब प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव का सपा से गठबंधन हो गया है। लेकिन शिवपाल यादव से गठबंधन के बाद भी प्रोफेसर रामगोपाल से मतभेदों के कारण हरिओम यादव को सपा से टिकट न दिए जाने के संकेत मिल रहे थे।

## चिकित्सकों की कमी पर पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं दिया ध्यान: मोदी

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी करने को लेकर कांग्रेस सहित अन्य दलों पर निशाना साधते हुये कहा कि देश में चिकित्सकों की कमी से सभी परिचित थे लेकिन इस समस्या पर पूर्ववर्ती सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य उन समाज का होगा जो स्वास्थ्य सेवा में निवेश करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुये 11 नए मेडिकल कॉलेजों और चेन्नई में 24 करोड़ रुपये की लागत निर्मित केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान के नए परिसर का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में एक बार आई कोविड-19 महामारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के महत्व की फिर से पुष्टि की है।

## चीन सीमा से सैनिक पीछे हटे लेकिन खतरा कम नहीं हुआ: नरवणे

### किसी भी विवाद का समाधान निकालने के लिए युद्ध या संघर्ष अंतिम उपाय

नई दिल्ली



भारत और चीन के बीच चल रही कोर कमांडर स्तर की 14वें दौर की वार्ता के बीच थल सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने बुधवार को अपनी सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एलएसी से आंशिक तौर पर सैनिक पीछे हटे हैं, लेकिन खतरा किसी भी तरह से कम नहीं हुआ है। सेना प्रमुख ने चीन सीमा पर स्थिति के बारे में कहा कि किसी भी विवाद का समाधान निकालने के लिए युद्ध या संघर्ष हमेशा अंतिम उपाय होता है। अगर इस आखिरी विकल्प का भी सहारा लिया गया, तो बहुत विश्वास के साथ आश्वस्त कर सकता हूं कि हम ही विजयी होंगे। अपने कार्यकाल के आखिरी संवाददाता सम्मेलन में एमएम नरवणे ने सिलसिलेवार सेना की उपलब्धियों, थियेटर कमांड प्रक्रिया, आधुनिकीकरण की योजना, सेना में महिलाओं की भागीदारी, पाकिस्तान सीमा पर दुश्मन के छद्म युद्ध जैसे सवालों के बेबाकी से जवाब देकर राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की। अपने 28 माह के कार्यकाल के महज चार माह बचने पर जनरल नरवणे ने कहा कि उनका अब तक का समय चीन और पाकिस्तान से मिल रही चुनौतियों से निपटने में बीता। उन्होंने कहा कि बीते साल जनवरी से हमारी उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर सकारात्मक विकास हुआ है। उत्तरी सीमाओं पर हमने ऑपरेशनल तैयारियों पर फोकस करने के साथ ही बातचीत के माध्यम से चीनी सेना (पीएलए) के साथ वार्ता भी जारी रखी है। अब तक हुई 13 दौर की वाताओं के दौरान एलएसी के कई विवादित इलाकों में आपसी सहमति से सैनिकों को पूरी तरह से हटाने की प्रक्रिया भी पूरी हुई है। जनरल नरवणे ने आज मोल्डो में हो रही कोर कमांडर स्तर की 14वीं वार्ता के बारे पूछे जाने पर उम्मीद जताई कि ।

## सपा कार्यालय पर सीट बंटवारे पर हुआ मंथन

लखनऊ



समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय पर बड़ी बैठक हुई है। इस बैठक में सपा अपने सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे पर मंथन कर रही है। सपा कार्यालय पर अखिलेश यादव के अलावा, प्रसपा के मुखिया शिवपाल यादव, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर, रालोद चीफ जयंत चौधरी समेत अन्य दलों के नेता मौजूद हैं।

समाजवादी पार्टी के समक्ष सभी दलों को सीट देकर संतुष्ट कर पाना बड़ी चुनौती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सपा गठबंधन में शिवपाल यादव को करीब छह सीटें दिए जाने पर सहमति बनी है। हालांकि अखिलेश यादव के चार्चा शिवपाल यादव दर्जन सीटों की मांग कर रहे हैं। शिवपाल के बेटे आदित्य जसवंत नगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। रालोद मुखिया जयंत चौधरी करीब तीन दर्जन सीटें मांग रहे हैं। सपा डेढ़ दर्जन सीटें ही देने पर विचार कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जयंत इससे कम सीटें मिलने पर राजी नहीं होंगे। बैठक से बाहर निकले ओपी राजभर ने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि सपा गठबंधन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा और सरकार बनाएगा।

राजभर ने यह नहीं बताया कि उनकी पार्टी को कितनी सीटें मिल रही हैं। मिल रही जानकारी के मुताबिक ममता बनर्जी की तृणमूल पार्टी के लिए एक सीट छोड़ेगी। माना जा रहा है कि इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ेंगे। ललितेश कांग्रेस के पूर्व विधायक हैं और पूर्वांचल के बड़े चेहरे हैं। इसके अलावा शरद पवार की पार्टी एनसीपी को भी इस गठबंधन में एक सीट मिल सकती है।

## 'ओमिक्रॉन और डेल्टा वैरिएंट को निष्क्रिय कर देती है कोवाक्सिन की बूस्टर खुराक'

नई दिल्ली

भारत की पहली स्वदेशी वैक्सीन कोवाक्सिन को लेकर एक बड़ा एलान हुआ है। इस टीके को बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने दावा किया है कि कोवाक्सिन का बूस्टर डोज कोरोनावायरस के ओमिक्रॉन और डेल्टा वैरिएंट को निष्क्रिय कर देता है। कंपनी ने बूस्टर पर जारी शोध के शुरूआती नतीजे आने के बाद यह दावा किया है। इससे पहले भारत बायोटेक ने कहा था कि कोवाक्सिन बूस्टर डोज के उसके परीक्षणों में बिना किसी गंभीर प्रतिकूल घटना के लंबी अवधि के लिए सुरक्षित दिखाया। कोवाक्सिन निमार्ता कंपनी ने कहा कि डोज लेने वालों से 90 फीसदी में कोरोना के खिलाफ (दूसरी खुराक के 6 महीने बाद) मजबूत एंटीबॉडी प्रतिक्रिया देखी गई।




**15-18 साल के किशोरों के टीकाकरण में भी कोवाक्सिन का इस्तेमाल:** भारत बायोटेक की कोवाक्सिन से ही 15 से 18 साल के किशोरों का टीकाकरण किया जा रहा है।

# जलस्तर बढ़ने से तेजी से हो रहा कटान, कई संस्थाओं को दूसरी जगह ले जाने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बारिश के बाद अब गंगा नदी के जल स्तर में बढ़ोतरी की वजह से माघ मेला की तैयारियां प्रभावित हो गई हैं। दारागंज से संगम नोज के बीच दोनों तरफ कटान की समस्या बढ़ गई है। इसकी वजह से गंगदीप की 40 संस्थाओं को दूसरे स्थान पर बसाने का निर्णय लिया गया है। इनके अलावा कई संस्थाओं के शिविरों को भी कटान से खतरा बन गया है। पिछले दो दिनों से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई।बुधवार को भी जलस्तर 77 मीटर रहा। इससे कटान की समस्या बढ़ गई है। बुधवार को भी गंगा नदी के दोनों तरफ कटान की शिकायत रही। हालांकि, अफसरों का दावा है कि बुधवार को जलस्तर में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं हुई है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बृजेश सिंह का कहना है कि जलस्तर में यथा स्थिति बनी हुई है। इसके विपरीत कटान की वजह से घाट बनाने में समस्या आ रही है।इसके अलावा मेला क्षेत्र के पश्चिमी पटरी पर शिविरों तक पानी पहुंच गया है। गंगदीप में 40 संस्थाओं को जमीन बांटी गई है लेकिन यह क्षेत्र कटान की चपेट में आ गया है। इसकी वजह से इन संस्थाओं को कहीं और स्थापित किया जाएगा। काली सडक पर संगम लोअर तथा रामानंद-अ मार्ग के बीच भी कई संस्थाओं को विस्थापित करना पड़ सकता है।



मेला क्षेत्र में कटान के दौरान पानी रोकने का प्रयास करते मेला के कर्मचारी

### इस बार छह किमी तक बनाए जा रहे घाट

कोविड संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस बार छह किमी के दायरे में घाट बनाए जा रहे हैं। हालांकि, कटान की वजह से खासतौर पर, झूंसी की तरफ घाटों के निर्माण में भी परेशानी खड़ी हो गई है। पिछले वर्ष पांच किमी तक घाटों का निर्माण हुआ था लेकिन कोविड संक्रमण की वजह से इस बार एक किमी का दायरा बढ़ाया जा रहा है। ताकि, स्नान के दौरान भीड़ से राहत मिल सके। संगम नोज के अलावा त्रिवेणी, दारागंज आदि स्थानों पर घाट बनाए जा रहे हैं। हालांकि, कटान से चुनौती बढ़ गई है। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि संगम नोज पर भी गंगा के बजाय यमुना नदी की तरफ घाट बनाए जा रहे हैं। संगम नोज पर घाट का दायर बढ़ाने के लिए बालू डाला गया लेकिन बुधवार तक बहुत सफलता नहीं मिल सकी।



## कैम्प लगाकर 60 लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

**सहसों।** कोरोनावायरस एवं ओमीक्रोन को देखते हुए जन जागरण के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव गांव कैंप लगाकर टीकाकरण का काम कर रही है। इसी के चलते विकासखंड सहसों क्षेत्र के बभनकुईयां ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में विकास खंड अधिकारी बबिता गुप्ता की देखरेख में बुधवार को कैम्प लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीकाकरण किया। जिसमें 15 से 18 वर्ष एवं उसके ऊपर के महिला एवं पुरुष बड़े ही उत्साह के साथ अपना अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर बारी बारी से वैक्सीनेशन कराया। कैम्प में 60 लोगों का पंजीकरण कर टीका करण किया गया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी नरेन्द्र दुबे, ग्राम पंचायत अधिकारी हेमंत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , एनम शशि कला व अर्चना सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुमन यादव, आशा बहू अंजलि, सुमन देवी व अर्चना मौजूद रहीं।

## चौपाल कार्यक्रम में विधायक करछना का हुआ भव्य स्वागत, बनाई चुनाव की रणनीति



**करछना।** समाजवादी पार्टी के चौपाल का कार्यक्रम विधानसभा करछना के फत्तेपुर गांव में जिला सचिव राजकरण यादव के घर पर समाजवादी पार्टी के करछना विधायक उज्जवल रमण सिंह व पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना विजय राज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे और समाजवादी पार्टी की 2022 की सरकार के इंतजार में ग्रामवासी का संकल्प समाजवादी पार्टी का लिया गया है , उज्जवल रमण सिंह के द्वारा गांव फत्तेपुर घर घर जाकर लोगों की समस्या का निस्तारण कराते हुए यह बताया गया है कि आप लोग समाजवादी पार्टी का सरकार लाएं 2022 में जो भी समस्या हो उस समस्या का समाधान कराया जाएगा और हमारे पार्टी के व्यापार सभा के जिला सचिव राज करण यादव के द्वारा हमें जनता के बीच अपनी बातों को रखते हुए बड़ी खुशी हुई ग्रामवासी की मौजूदगी में , जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना, , राजकुमार यादव , गिरिजा शुक्ला, मेराज अहमद, पवन शुक्ला, ज्ञान चंद्र, राघवेनदर शुक्ला, अभिषेक, मोहित यादव, प्रीतम यादव, अंकित, जीत लाल पाल, उत्तम यादव, आदि बड़ी संख्या में सपा समर्थक मौजूद रहे।

## केक काटकर प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा कांग्रेस के नेता संजय तिवारी के नेतृत्व में प्रतापपुर में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।इस अवसर पर मधुसूदन पांडेय, दिनेश पांडेय, गोपाल पांडेय, कमलेश पांडेय, अंकुर पांडेय, अजीत पांडेय आदर्श प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पंजाब सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन




**जसरा।** प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाहीं और षडयंत्र के खिलाफ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल के नेतृत्व में कई स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस की पंजाब सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। विगत 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब के फिरोजपुर दौरे के दौरान पंजाब सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था मामले में जान बूझकर राजनीतिक रंजिश व षड़यंत्र कर भारी लापरवाही बरतने के खिलाफ बुधवार के दिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल के नेतृव में जसरा, गौहनिया सहित शंकरगढ़, नारीबारी सहित यमुनापार के कई स्थानों पर पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर खिलाफ में कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष धर्मराज पाल, जिला मंत्री रामराज सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, संतरा देवी निषाद, आशीष सिंह, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र बिंद, रत्नाकर सिंह पटेल, कृष्ण चन्द्र बिंद, शिवम सिंह संतोष पटेल, दिनेश यादव आदि दर्जनों भाजपाई शामिल रहे।

# प्रबंधक ने अंगवस्त्रम से सैकड़ों लोगों को किया सम्मानित

### जसरा में श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इं. का. में हीरक जयंती समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में हीरक जयंती समारोह के समापन दिवस पर विद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के छात्रों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे तथा विद्यालय के संस्थापक बाबू छेदीलाल गुप्त महाजन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता जी ने दीप प्रज्वलन करते हुए कहा कि यह विद्यालय पूरे प्रदेश का गौरव रहा है। यहां के पढ़े हुए छात्र देश के कोने कोने में प्रशासनिक क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। इसके उपरांत क्षेत्र से पधारे हुए सेवा निवृत्त एसडीएम, गणमान्य नागरिक, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं पूर्व छात्रों ने विद्यालय के प्रति अपना उद्गार व्यक्त किया। हीरक जयंती में आये हुए अतिथियों ने स्व०छेदीलाल गुप्त महाजन को अपनी श्रद्धांजलि समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता ने कहा यह विद्यालय जनपद ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश का गौरवशाली विद्यालय रहा है। विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त ने क्षेत्र व जिले के कोने कोने से आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्रम,मोती की माला, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिया और कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक बाबू जी ने पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रामलखन प्रजापति व दयाशंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमार केसरवानी , जय बाबू, सतीश कुमार केसरवानी चुच्चू भैया, एनडी गुप्ता, लल्लू प्रसाद त्रिपाठी, विजय चितौरी, हरी राम त्रिपाठी ,राजाबाबू पाठक , सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय,शोभनाथ शुक्ल, गया प्रसाद त्रिपाठी, कुलभूषण मिश्र, सुनील साहू,अचलेन्द्र जायसवाल, विकास केसरी,जीतेंद्र गुप्त, आशीष सोनकर, राम मनोहर कुशवाहा, लल्ला पाठक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी और अभिभावक गण उपस्थित रहे।



अंगवस्त्रम से सम्मानित करते प्रबंधक

# विवेकानंद जी के विचारों को स्मरण करें युवा : चंद्र प्रकाश

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी सहसों स्थिति कार्यालय पर बुधवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई । सर्वप्रथम स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया स्वामी जी के जीवन व संदेश नामक विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश केसरवानी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म कोलकाता में विश्वनाथ दत्त और भुनेश्वरी देवी के घर सोमवार 12 जनवरी 1863 मकर संक्रांति के दिन हुआ जिसे काल संक्रमण के लिए शुभ माना जाता है। दत्त परिवार धनी कुलीन और उदारता व विद्वता के लिए प्रसिद्ध था स्वामी विवेकानंद जी समूचे भारत का भ्रमण करते हुए युवाओं व देशवासियों को राष्ट्र उन्नत के सूत्र धर्म की ताकत के महत्व के बारे में जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने रामकृष्ण मठ की स्थापना की जो संपूर्ण विश्व को उनके विचारों से जागरूक कर रहा है स्वामी जी भारत को विश्व गुरु के रूप में देखना चाहते थे उनका यह मानना था कि भारत युवा शक्ति से संपन्न राष्ट्र है। यदि इन युवाओं की ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग हो तो अपना देश परम वैभव को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक ग्राम प्रधान सहसों विष्णु कुमार केसरवानी ने कहा कि आज के वर्तमान समय में स्वामी विवेकानंद की जीवनी को पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। जिससे जीवन में हमें नई ऊर्जा प्राप्त होती है। इस अवसर पर संजीव शुक्ला, ओमप्रकाश सिंह, आकाश सिंह, डॉ अमित यादव, दिलीप गुप्ता, दीपांशु गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## विहिप प्रखंड प्रतापपुर की कार्य-योजना बैठक एवं विस्तार



**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् प्रतापपुर प्रखंड की योजना एवं संगठन के विस्तार के लिए प्रान्त संगठन मंत्री मुकेश जी के निदेर्शानुसार श्री महिलेश्वर महादेव मंदिर अनुवां पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक के अंतर्गत संगठन के आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा प्रखंड कार्यसमिति के लिए कई नाम प्रस्तावित हुए।साथ ही प्रखंड प्रतापपुर के कई खंडो में परिषद एवं बजरंगदल के पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई।जिसमें बजरंगदल के लिए अभिनव कुमार पाण्डेय - सुरक्षा प्रमुख, आलोक द्विवेदी- सह-संयोजक, सौरभ सिंह - बलोपासना प्रमुख, आकाश गुप्ता , तथा प्रखंड कार्यसमिति में अनूप जायसवाल, देवेन्द्र प्रसाद दुबे प्रस्तावित हुए और रोहित त्रिपाठी - खंड अध्यक्ष उग्रसेनपुर, अंकुर पाण्डेय - खंड अध्यक्ष अनुआ, की नियुक्ति हुई।इस अवसर पर उपाध्यक्ष - प्रभात सोनी, सत्संग प्रमुख - आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक,धर्मेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## न्यूज झरोखा

### जसरा में 15 से 18 वर्ष के लोगों को लगा टीका



**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निजात दिलाने के लिए पन्द्रह से 18 वर्ष उम्र के किशोरों का वैक्सीनेशन बुधवार को 28 ग्राम पंचायतों व इंटर कालेजों में किया गया। जिसमें कुल 2024 किशोरों का वैक्सीनेशन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि कुल 28 जगहों पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में 200,लालचन्द्र इंटर कालेज जसरा में 78,कृषक इंटर कालेज जारी में 126,कमला अग्रहरी में 110 सहित सीएचसी जसरा में 178, भीटा में 53, रेरा केवटान बस्ती में 51, सेमरा कल्बना में 30, बेलामुंडी पुरवा 40,पंचायत भवन इरादतगंज 21, बघोलवा में 16, बारा में 31,खूझी में 46, असवां में 54,जगदीशपुर में 87,दलवाबारी में 10,कांटी में 99,कोटवारन का पूरा में 53,मानपुर में 26,खुटरिया में 51, असरवई में 200, लोटाढ़ में 50,चितौरी में 64,तातारगंज में 38 व सरसेंडी में 125,परसरा में 46,घूरी में 50,बुदांवा में 20 लोगों ने वैक्सीन लगवाये। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह ने बताया कि कुल 2024 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। अभियान में नेत्र परीक्षण अधिकारी हीरानंदन पंकज,बीपीएम पंकज मिश्र, नीशा गौतम,रीता सिंह, दिब्या रानी शर्मा,पूजा चतुवेर्दी, सुमन सिंह,प्रमिला, पूजा,ममता, रेनू सहित दर्जनों एएनएम व आशा बहुएं मौजूद रहीं।

### कोरोना कों हराने मे वैक्सीन की भूमिका काफी मददगार



**जसरा।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर से बचाव हेतु 15वर्ष से 18वर्ष के विद्यार्थियों कों वैक्सीन लगायी जा रहीं हैं। क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों मे छात्र एवम छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लें रहें हैं। इसी क्रम मे क्षेत्र के कमला स्मारक इंटर कालेज बलापुर मे वैक्सीन कैम्प आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा ने कोरोना कों हराने के लिए मास्क, साबुन एवम वैक्सीन अहम भूमिका काफी अहम हैं इसलिए जिन विद्यार्थियों कों वैक्सीन नहीं लग पायी हैं वह सभी छूटे हुए विद्यार्थी अगले कार्यदिवस एवम स्थानीय सरकारी अस्पताल मे वैक्सीन लगवा सकते हैं। आगे श्री अनिल विश्वकर्मा ने सभी विद्यार्थियों कों कोरोना काल मे भी मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए यह भी युवा एवम छात्रों के मजबूत कंधो पर भी आने वाले कल की सारी रुपरेखा रेखा निर्भर हैं इसलिए छात्र, नौजवान ही इस देश का कायाकल्प कर सकते हैं।प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए वैक्सीन लगाने की टीम का आभार प्रकट की। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवम शिक्षिकाओं सहित वैक्सीन लगवाने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**जसरा।** बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में सोमेश्वर मण्डल में स्वामी विवेकानंद जी की जयन्ती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमे मण्डल के सभी पदाधिकारी उपास्थित रहे। कार्यकम का सुभारम्भ करते हुए मण्डल अध्यक्ष शिव तिवारी ने विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।तिवारी जी ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। जिसमें उन्होंने विवेकानंद जी के जीवन की कई घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए आज के समय मे उसका उपयोग कैसे किया जाए उसके बारे में बताया। कार्यकम के दौरान महामंत्री आनन्द पाल शैल पूरी,जिला मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,रोहित मिश्रा, सुमित केशवानी, तन्मय मालवीय,कार्तिकेस गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर ने भाजपा में जताई आस्था



**जंघई।** प्रतापपुर की पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व बसपा प्रत्याशी मछलीशहर विधानसभा सुशीला सरोज ने सुब्रत पाठक प्रदेश महामंत्री और सांसद मछलीशहर बीपी सरोज के नेतृत्व में बसपा छोड़कर अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया और भविष्य में मछलीशहर विधानसभा से प्रत्याशी बनने के लिए आवेदन किया।

### निराश्रित लोगों मे वितरित किया गया कंबल



**जसरा।** केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व मे शोध विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयास से यमुनापार के 40से अधिक गावों मे 251से अधिक निराश्रित महिलाओं कों कंबल भेंट किया गया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल लोगों कों सम्बोधित करते हुए निःस्वार्थ भावना से लोगों की मदद कों सबसे बड़ी समाजसेवा के रूप मे स्वीकार करते हुए सम्पन्न लोगों से मदद करने की अपील किये साथ ही श्री पटेल ने 17जनवरी कों यमुनापार के 300से अधिक निर्धन एवम मेधावी छात्राओं कों विभिन्न शैक्षिक संस्थान मे जाकर स्वेटर एवम गर्म कपड़े भेंट किया जाएगा।मुख्य अतिथि के रूप मे प्रोफेसर रामेन्द्र त्रिपाठी ने शोध छात्रों के सामूहिक प्रयास करने का बखान करते हुए मानवता के लिए आवश्यक अंग के रूप मे स्वीकार किये।ऋचा सिंह, सीमा यादव, राजा चंदेल, गरिमा उपाध्यय आदि शोध छात्रों की सामूहिक प्रयास से कंबल वितरित किया गया।

### पंजाब सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**घूरपुर।** प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाहीं और षडयत्रपं के खिलाफ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल के नेतृत्व में कई स्थानो पर मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर काग्रेस की पंजाब सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। विगत 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब के फिरोजपुर के दौरे के दौरान पंजाब सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था मामले में जानबूझकर राजनीतिक रंजिश व षडयत्र कर भारी लापरवाहीं बरतने के खिलाफ बुधवार के दिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल के नेतृव में घूरपुर, जसरा, गौहनिया सहित शंकरगढ़, नारीबारी करछना सहित यमुनापार के कई स्थानों पर पंजाब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर खिलाफ मे कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष धर्मराज पाल, जिला मंत्री रामराज सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, संतरा देवी निषाद, आशीष सिंह, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र बिंद, रत्नाकर सिंह पटेल, कृष्ण चन्द्र बिंद, शिवम सिंह संतोष पटेल, दिनेश यादव आदि दर्जनों भाजपाई शामिल रहे।

### बबलू यादव बजती ने प्रतापपुर विधानसभा के लिए किया आवेदन



**प्रतापपुर।** समाजसेवी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नंबर 1 प्रतापपुर यादवेन्द्र यादव बबलू बजती द्वारा बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के समक्ष प्रतापपुर विधानसभा टिकट के लिए आवेदन किया गया।बबलू यादव ने कहा कि सामाजिक कार्यों एवं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों में मै भाग लेता हूँ पूरा क्षेत्र मुझे जानता है विगत कई वर्षों से समाजवादी पार्टी के लिए मै कार्य कर रहा हूँ।पार्टी ने मुझे टिकट दिया तो विजय का परचम लहराते हुए क्षेत्र का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास करूँगा।

# एमपी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाई गई गश्त, तीन स्थानों पर बना चेक प्वाइंट

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीओ बारा के साथ एसओ शंकरगढ़ ने क्षेत्र में किया फ्लैगमार्च



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। खासकर सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिस महकमे के साथ आरएएफ को भी मैदान में उतार दिया गया है। जनपद के सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। संवेदनशील स्थानों की विशेष निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर पर भी चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं।सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बुधवार को सीओ बारा विमल कुमार मिश्र, एसओ शंकरगढ़ बृजेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। क्षेत्र के शिवराजपुर, बेनीपुर, नारीबारी आदि क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की गई और लोगों से निर्भीक होकर मतदान की अपील की गई, साथ ही कोविड प्रोटोकाल का पालन करने और मास्क लगाने की हिदायत दी गई। एसओ बृजेश सिंह ने बताया कि लोगों से शांतिपूर्वक माहौल में मतदान की अपील की जा रही है। लोगों को कोविड प्रोटोकाल के लिए जागरुक किया जा रहा है। क्षेत्र में कई स्थानों पर वाहन चेकिंग कर संदिग्धों की तलाशी ली जा रही है। इसके अलावा अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही भीजारी है।

### खंगाली जा रही अपराधियों की कुंडली 70 फीसद जमा हो गए असलहे

थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र में जितने भी आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, उनकी कुंडली खंगाली जा रही है। सभी के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही जारी है। राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों की भी निगरानी जारी है। 107,116 की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा असलहा जमा करवाने का कार्य भी तेजी से निपटाया जा रहा है। अब तक 70 फीसद असलहा जमा करवाया जा चुका है। बताया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा कर्मियों के अलावा विशेष आवश्यकता वालों (उच्चाधिकारियों की परमिट पर) को ही असलहा रखने की छूट दी जाएगी।

### मादक पदार्थ के तस्करों पर रखी जा रही कड़ी नजर

इसके अलावा सुरक्षा व मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए मध्यप्रदेश की सीमा पर नारीबारी-चाकघाट और जनेह-पटहट में चेक प्वाइंट बनाया गया है। इसी तरह का चेक प्वाइंट चित्रकूट राजमार्ग पर टकटई बार्डर पर बनाया गया है, जहां अनवरत चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का भी पुलिस भ्रमण कर रही है। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों की जानकारी जुटाई जा रही है और उसी अनुसार वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जाएंगे।



### लालापुर क्षेत्र में आरएएफ ने किया फ्लैग मार्च

**लालापुर।** विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लालापुर क्षेत्र में एसओ लालापुर शेर सिंह यादव ने आर ए एफ की टुकड़ी के फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की । विधानसभा चुनाव के लिए लगी आदर्श आचार संहिता के बाद से ही पुलिस प्रशासन और चुस्त दुरुस्त होता दिखाई दे रहा है ।इसी क्रम में बुधवार के दिन एसओ लालापुर शेर सिंह यादव आर ए एफ की टुकड़ी और थाने की पुलिस बल के साथ क्षेत्र के लालापुर,प्रतापपुर,अमिलिया,नगरवार, मानपुर,बसहरा,चिल्लागौहानी आदि कई गांवों में फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों को चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाये रखने और संदिग्धों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की अपील की ।

# प्रमुख सचिव ने जनपद भ्रमण कर किया कई जगह का निरीक्षण

प्रमुख सचिव ने खाद्यान्न गोदाम, राशन की दुकान, गो संरक्षण केन्द्र, आईसीसीसी में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर, स्वरूपरानी अस्पताल तथा वैक्सीनेशन सेंटर का किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज। प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, मत्स्य, समन्वय तथा पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन तथा जनपद के नोडल अधिकारी श्री सुधीर गर्ग बुधवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत बहादुरपुर में खाद्यान्न गोदाम, ग्राम पंचायत कटका अंदावा में राशन की दुकान, लाहुरपुर में गो संरक्षण केन्द्र, आईसीसीसी में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर, स्वरूपरानी अस्पताल तथा जीआईसी में वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। लाहुरपुर में गो संरक्षण केन्द्र के निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को गो संरक्षण केन्द्र के बाहर ह्यह्यहरा चारा लाओ, खाद ले जाओह्लह्ल का बोर्ड लगाने तथा इसका किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर संरक्षित गोवंशों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में गो संरक्षण केन्द्र में कुल 85 गोवंश संरक्षित है। नोडल अधिकारी ने गो संरक्षण केन्द्र में संरक्षित गोवंशों को गुड़ भी खिलाया। उन्होंने गो संरक्षण केन्द्रों पर भूसे चारे का पर्याप्त स्टॉक बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने गो संरक्षण केन्द्रों साफ-सफाई की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। नोडल अधिकारी ने आईसीसीसी में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने वहां पर कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को कोविड-19 के लक्षण से युक्त तथा होम आइशोलेशन में रह रहे लोगो से नियमित रूप से फोन के माध्यम से बातचीत करने तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा है। उन्होंने कम्प्यूटर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए हेडफोन उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। तदुपरांत स्वरूपरानी हॉस्पिटल पहुंचकर नोडल अधिकारी ने वहां नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया तथा वहां के प्रधानाचार्य से ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी ली, जिसपर प्रधानाचार्य के द्वारा बताया गया कि ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है और इससे अस्पताल में ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही है। नोडल अधिकारी ने वहां पर नई बनी बिल्डिंग में कोविड मरीजों के लिए बनाये गये आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाचार्य व सीएमओ से कोविड-19 मरीजों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कोविड की स्थिति से निपटने के लिए सारी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये है। इसके उपरांत नोडल अधिकारी 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए जीआईसी में बनाये गये वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रोज कितने बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है तथा अब तक कितने बच्चों को वैक्सीन लगायी जा चुकी है, कि जानकारी ली। नोडल अधिकारी नें टीका लगवाने के लिए पहुंचे बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर में कोविड-19 के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, नगर आयुक्त श्री रवि रंजन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नानक सरन, मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेहोशी की हालत में मिला चालक, ई-रिक्शा गायब

**नैनी।** नैनी पुलिस की सुस्ती को लुटेरे, चोर फायदा उठाने में जुटे हुए हैं। नैनी पुलिस की नाकामयाबियों का फायदा पूरी तरह से क्षेत्र में गिरोह बंद उठाने में लगे हैं। एक के बाद एक वारदात को अंजाम देने में लगे हैं, लेकिन नैनी कोतवाली पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। एक भी खुलासे करने में नाकामयाब साबित हो रही है। इसी प्रकार का एक मामला उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल रोड के समीप का है। जहां पर एक चालक बेहोशी की हालत में झाड़ियों के बीच बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक चालक मोहम्मद जफर बुधवार सुबह जेल रोड के समीप झाड़ियों के बीच बेहोशी की हालत में मिला। पहचान होने के बाद उसके परिजन उक्त स्थान पर पहुंचे तो वह बेहोश मिला। वहीं उसका ई-रिक्शा गायब मिला। बताया जाता है कि चालक को शाम तक होश में नहीं आ पाया था। हालांकि उसका इलाज जारी है। बता दें कि बीते सात जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र के मसिका गांव निवासी राजदीप मिश्र का ई-रिक्शा सण्डवा कालोनी निवासी चालक मनोज दीक्षित चलाते थे। वह उस दिन विकासखंड चाका मुख्यालय के समीप सवारी को लेकर गए हुए थे। ई-रिक्शा को वह सड़क किनारे खड़ी कर चाय की दुकान पर पहुंचे और चाय की चुस्की लेने लगे। तभी मौका पाते ही चोरों ने ई-रिक्शा उड़ा दिए। गौरतलब हो कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर बीते लगभग एक वर्ष से लेकर अब तक एक दर्जन से अधिक ई- रिक्शा चालकों को लुटेरों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर या पिलाकर ई-रिक्शा लेकर फरार हो चुके हैं। साथ ही नैनी कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों एटीएम कार्ड को बदलकर, फजीर्वाड़ा कर लोगों के खाते से पैसे निकाले जा रहे हैं। इतना ही नहीं बीते कुछ दिनों के अंतराल ही नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया से लेकर अन्य कई स्थानों पर कई दोपहिया वाहनों को भी वाहन चोर लेकर फरार हो चुके हैं। बुधवार को मेवा लाल की बगिया के समीप एक बैंक के निकट खड़ी एक दो पहिया वाहन को चोर लेकर फरार हो गए। नैनी कोतवाली पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय साबित हो रही है और उसका भरपूर फायदा क्षेत्र में संचालित शातिरों के गिरोह बंद उठाने में जुटे हुए हैं।

## भूखों में भोजन वितरण आवश्यक पुण्यदायी कार्य : देवांशु मिश्र

### चार साल से चल रहा भईया जी का दाल भात अन्न क्षेत्र प्रतिदिन हजारों लोगों को मिल रहा भोजन



**नैनी।** समाजसेवी देवांशु मिश्र ने प्रयागराज के संगम तट पर भईया जी का दाल भात परिवार अन्न क्षेत्र में भोजन वितरित करके अपना जन्मदिन मनाया। जानकारी के अनुसार सामाजिक संस्था परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी के सक्रिय आजीवन सदस्य देवांशु मिश्र ने जरूरतमंद लोगों में भोजन वितरित किया। इस अवसर पर देवांशु मिश्र ने कहा कि भूखों में भोजन वितरित कराना सबसे बड़ा पुण्यदायी कार्य है। बता दें कि भईया जी का दाल भात परिवार विगत 4 वर्षों से प्रयागराज के संगम तट पर बंधवा वाले बड़े हनुमान मंदिर के बगल अनवरत प्रतिदिन शाम 5 बजे से जरूरतमंद लोगों में भोजन वितरित कर रहा है।

## परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी ने जरूरतमंद बच्चों में बंटे ऊनी वस्त्र



**नैनी।** एनजीओ परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा पाण्डेय ने आज प्रयागराज के संगम तट पर घूम रहे निर्धन जरूरतमंद बच्चों में ऊलेन वस्त्र, शाल, स्वेटर, टोपी आदि का वितरण किया। जानकारी के अनुसार कड़ाके की ठंड के बीच पीडब्ल्यूएस अध्यक्षा श्रीमती मनीषा पाण्डेय ने निर्धन जरूरतमंद बच्चों में ऊलेन वस्त्र, शाल, स्वेटर, टोपी आदि वितरित किया। इस अवसर पर श्रीमती मनीषा पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान कड़ाके की ठंड के समय जरूरतमंद लोगों को ऊनी वस्त्र, अलाव व भोजन की व्यवस्था करना ही सबसे बड़ा काम है जिसके लिए सभी सामाजिक संस्थाओं व सक्षम लोगों को सामने आना चाहिए। इस अवसर पर प्रबन्धक आर के पाण्डेय, राम बाबू केशरवानी, राणा बृजेश सिंह, देवांशु मिश्र, अभिषेक सिंह आदि भी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 08-01-2022 से 14-01-2022 तक सायं 4 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 14-01-2022 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केदार निषाद के घर से हैण्डपम्प तक इण्टरलाकिंग | मानपुर | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 2. | पंचायत भवन मरम्मत का कार्य | मानपुर | मनरेगा | 300000 | 500 | 8000 | 1 माह |

सामान्य शर्ते :- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदादाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 14.01.2022 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। 8. सामाग्री की मात्रा/धनराशि घट - बढ़ सकती है।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय मानपुर से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय मानपुर में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**चन्द्रशेखर**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत मानपुर
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/ मुख्य मंत्री पुरस्कार नि./2021-22/ दिनांक

**मनोज कुमार**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मानपुर
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02-01-2022 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 13-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 13-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | कन्या प्राथमिक पाठशाला में छत मरम्मत, हैण्डपम्प, कायाकल्प एव अन्य निर्माण कार्य | 4.10 लाख | 10 दिन |
| 2. | चुप्पेपुर प्राथमिक पाठशाला में छत मरम्मत हैण्डपम्प व टाईल्स एवं कायाकल्प कार्य | 3.75 लाख | 15 दिन |

**प्रेम चन्द्र**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

**शिव ओम चौधरी**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत कौंवा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत कौंवा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03-01-2022 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कौंवा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 09-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 09-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | हैण्डपम्प रीबोर 12 नग | 3.5 लाख | 15 दिन |
| 2. | कमलाकान्त पटेल के घर से नन्दलाल पटेल के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य (मनरेगा से) | 1.63 लाख | 15 दिन |
| 3. | दुर्गा प्रसाद के घर से उदयभान के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (मनरेगा से) | 1.99 लाख | 20 दिन |
| 4. | शिव बहादुर के घर से दुर्गाप्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (मनरेगा से) | 1.99 लाख | 20 दिन |
| 5. | राजमणि के घर से अशोक के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य | 1.21 लाख | 15 दिन |

**श्रीमती रेखा कुमारी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कौंआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

**आदित्य कुमार**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कौंआ
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01-01-2022 से दिनांक 04-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 09-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 09-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छत मरम्मत, टाईल्स कार्य एवं कायकल्प व अन्य कार्य | 4.50 लाख | 1 माह |
| 2. | प्राथमिक पाठशाला प्रथम में कायाकल्प, टाईल्स कार्य एवं बालक-बालिका यूरिनल एवं छत मरम्मत तथा अन्य कार्य | 4.60 लाख | 1 माह |
| 3. | प्राथमिक पाठशाला बगरहा में बाऊन्ड्रीवाल टाईल्स छत मरम्मत व अन्य कार्य | 4.60 लाख | 1 माह |

**प्रेम चन्द्र**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

**शिव ओम चौधरी**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03-01-2022 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से हरहर भोला तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.98 लाख | 1 माह |
| 2. | कदमराज के घर से हरि निषाद के घर तक इण्टरलाकिंग एंव पक्की नाली निर्माण कार्य | 2.50 लाख | 1 माह |
| 3. | मंदिर से शवदाह गृह तक सीढ़ी एवं पक्की नाली निर्माण कार्य | 4.50 लाख | 1 माह |

**प्रेम चन्द्र**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

**शिव ओम चौधरी**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत छीड़ी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 08-01-2022 से 14-01-2022 तक सायं 4 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 14-01-2022 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौधरी मिस्त्री के घर से बनवारी के घर तक इण्टरलाकिंग | छीड़ी | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 2. | रामहित के घर से राम चन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग | छीड़ी | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 3. | जलनिगम टंकी से शिवशंकर के खेत तक WBM कार्य | छीड़ी | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |

सामान्य शर्ते :- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदादाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 14.01.2022 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। 8. सामाग्री की मात्रा/धनराशि घट - बढ़ सकती है।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय छीड़ी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय छीड़ी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**सतीश चन्द्र गुप्ता**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/ मुख्य मंत्री पुरस्कार नि./2021-22/ दिनांक

**मनोज कुमार**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित हुआ युवा दिवस कार्यक्रम

## अभविप ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानिकत



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा जिले भर में धूमधाम से राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

इस दौरान रजत पैलेस के सभागार में युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व में विभन्न विद्यालयों में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतियोगी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ सौरभ पांडेय, प्रान्त सहमंत्री मनीषा पाल, जिला प्रमुख डॉ राजेश भट्ट, नगर अध्यक्ष संजय त्रिपाठी व नगर मंत्री आँचल सिंह ने माँ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक सुधांशु रंजन मिश्रा ने किया। जिला प्रमुख डॉ राजेश भट्ट ने स्वामी जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण किया। मुख्य वक्ता डॉ सौरभ पांडेय ने कहा कि किसी भी महापुरुष की जयंती एक महापर्व है। हम सभी को ऐसे महापुरुषों को सदैव स्मरण करना चाहिए। प्रान्त सहमंत्री मनीषा पाल ने स्वतन्त्रता समर के इतिहास को बताते हुए इतिहास गा रहा है, दिनरात गुण हमारा।एम डी पीजी कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवानी मातन हेलिया ने युवाओं पर लिखित अपनी नव रचित कविता के माध्यम से विश्व के नव निर्माण हेतु युवाओं की अग्रणी भूमिका को बतलाते हुए कहा कि युवा वह शक्ति है जो बढ़ते हुए वक्त की रफ्तार को रोक सकता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग प्रमुख डॉ धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अजित सिंह, प्रभाशंकर पाण्डेय, पंकज तिवारी, प्रभात मिश्र, सुशील पांडेय, अंकुर श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, ज्योति जायसवाल, राम मिश्रा, शुभम, अनिकेत, दामिनी सोनी, राकेश जायसवाल, शिवम पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, दिनेश अग्रहरि, आदित्य, शिवम, आकाश, आनन्द, विपिन, मनोज, नवदीप, कमल प्रिया, सेजल, निशि, गुंजन, आँचल, शिवानी, विपाशा, सत्यम, शुभांस आदि लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**अखंड भारत संदेश**



स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते डा0 पीयूष।

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पुराछात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विभागाध्यक्ष डा0 पीयूषकांत शर्मा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जलवन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पाण्डेय ने अतिथि का स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर प्रीति सिंह, विभा शुक्ला, सुषमा तिवारी, ने भी अपने विचार रखे। अंत में वंदेमातरम के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# वैचारिक क्रांति के अग्रदूत थे स्वामी विवेकानंदः अखिलेश

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक और तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वामी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ववलन व माल्यार्पण करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश कुमार पांडे ने कहा कि स्वामी जी युवाओं के सांस्कृतिक क्रांति के अग्रदूत थे, उनका विचार था कि तुम सिर्फ विचारों के निरन्तर प्रवाह पर ध्यान दो बाकी सब पर कुछ प्रकृति संभाल लेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ आर बी अग्रहरि, समाज शास्त्र प्राध्यापक डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा डॉ राकेश कुमार पांडे, संस्कृत प्राध्यापक श्याम नारायण मिश्र, बीएड अध्यापक डॉक्टर बृजेश पांडे डॉ सुनील कुमार मिश्रा सहित अन्य अध्यापक ने भी अपने विचार प्रकट किया इस दौरान कोरोनावायरस गाइड लाइन का पालन करते हुए मास्क तथा सामाजिक दूरी बनाई गई। कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ शिव शेखर पांडे ने किया।

# डीएसओ ने राशन की दुकान बंद मिलने पर किया सीज

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा, प्रतापगढ़।** मंगलवार की शाम लगभग पौने पांच डीएसओ प्रतापगढ़ रीना कुमारी व कुंडा आपूर्ति निरीक्षक शिव प्रकाश मिश्रा ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां पहुंचे जहाँ स्टॉक का सत्यापन में सब कुछ सही मिला। उसके बाद बगल के ग्राम पंचायत परसई के कोटेदार की दुकान पर पहुंची जहाँ कोटेदार की दुकान बन्द मिली। घर मे कोई सदस्य मौजूद नही था जिस पर डीएसओ ने गोदाम के दोनों तरफ लगे दरवाजे पर अपना ताला लगाकर सूची चस्पा कर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गई। पूछने पर डीएसओ रीना कुमारी ने बताया कि स्टॉक का सत्यापन न हो पाने से गोदाम के दोनों दरवाजे पर ताला लगाकर नोटिस चस्पा कर दी गयी। स्टॉक का सत्यापन होने के बाद राशन का वितरण शुरू होगा।

# नहीं रहे कौशलेश सिंह, प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेलहा स्थित अलका प्रमोद तिवारी इण्टर कालेज के संस्थापक एवं समाजसेवी बाबू कौशलेश सिंह (70) का मंगलवार की देर रात बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने दुख जताते हुए कहा कि कौशलेश सिंह ने सामाजिक तथा शैक्षिक क्षेत्र मे अविस्मरणीय योगदान दिया। प्रमोद तिवारी ने कौशलेश के निधन को पारिवारिक क्षति भी कहा है।

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं विवेकानंद

## विवेकानंद की जयंती पर मेंस यूनियन में हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा प्रतापगढ़ कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में कोविड19 को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंस के साथ मनी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शाखा मंत्री अनिल शुक्ला ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरूष रहे। उन्होंने युवाओ के सामने आदर्श स्थापित किया।

शाखाध्यक्ष मो0 शफीक ने कहा की स्वामी ने शून्य पर वक्तव्य देकर पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया था। आज युवाओं को उनके पदचिन्हो पर चलने की जरूरत है। संयोजक विनय मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओ के प्रेरणाश्रोत है। इतने कम उम्र मे आदर्श स्थापित कर दिया। वो युग पुरूष थे। संगोष्ठी मे धीरज सिंह, अजय आनन्द, संजय डोगरा, शैलेंद्र मिश्र, जितेंद्र कुमार, डीके शर्मा, सलामत उल्ला, मो. रईस, मनीष पांडेय, राजकिशोर, प्रदीप यादव, मोहित यादव, अनीस खान, मुकेश पासवान ,अजय मौर्य, जयसिंह यादव, श्रदांजलि शुक्ला, किरन सिंह, अशोक यादव, मनीता यादव, अजय मिश्रा, सुनील गौड़, अभिषेक सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अफीम कोठी में मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

## दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



अफीम कोठी में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद मतदान कार्मिकगण।

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के परिप्रेक्ष्य में आयोजित मास्टर ट्रेनर सामान्य एवं ईवीएम के दो दिवसीय विशेष और महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी में आगामी निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्षता पूर्ण संपन्न कराने के लिए एवं जनपद के समस्त मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण ओपी मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर इस प्रशिक्षण को अच्छी तरह प्राप्त करने ताकि आने वाले समय में जनपद के सभी मतदान कार्मिकों को आप को प्रशिक्षित करना है जितना अच्छा प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उतना ही अच्छा प्रशिक्षण आप मतदान कार्मिकों को देंगे। इस अवसर पर सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस ने सामान्य प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। प्रशिक्षण में विशेष रुप से ओपी मिश्रा जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़, डॉ सर्वदा नंद जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, सुधीर सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़, डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरहदा प्रतापगढ़, डॉ मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र कुमार ओझा मास्टर ट्रेनर, ईवीएम के सुपर मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार सिंह एवं अशोक कुमार शुक्ला ने ईवीएम और वीवीपट का प्रदर्शन करके दिखाया।

# आपरेशन के लिए 50 मरीज गए चित्रकूट

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** एक ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रत्येक माह जेठवारा के भदौरिया मार्केट में नेत्र परीक्षण का निःशुल्क कैम्प आयोजित किया जाता है। इस दौरान प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंख से सम्बंधित समस्यायों का परीक्षण कर उन्हें इलाज व उचित सलाह प्रदान की जाती है। बुधवार को लगे कैम्प में डॉ पंकज गुप्ता व उनकी टीम द्वारा मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। इस दौरान कैम्प में मरीजों की भारी भीड़ नजर आयी। कैम्प की ब्यवस्था की सारी जिम्मेदारी निभाने वाले अनन्त सिंह तोमर मरीजो को हर तरह की सुबिधाये मुहैया करवाने में ततपर रहे। बुधवार को आयोजित कैम्प से कुल 50 मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित कर उन्हें ट्रस्ट की बस से चित्रकूट ले जाया गया है जहां से आपरेशन व इलाज के बाद उन्हें दो दिनों के बाद उनके घरों तक पहुच दिया जाएगा।

# जनसेवा संकल्प घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ताः अनिल कुमार

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



प्रताप सदन में आयोजित बैठक में बोलते वक्ता।

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक जिला कार्यालय प्रताप सदन पर जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी विधान सभा की तैयारी की समीक्षा हुई। बैठक में विधान सभा परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह लाल साहब ने पार्टी का जनसेवा संकल्प पत्र घर-घर पहुंचकर बताने और पार्टी को मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि बूथ पर सक्रिय कार्यकताओं व नौजवानों के भरोसे जनसत्ता दल चुनाव मैदान में प्रत्याशी को लड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से हर वर्ग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहा है, आने वाला समय जनसत्ता का होगा। बैठक में अबू जुबैर, गुड्डू चेयरमैन मानिकपुर, विवेक त्रिपाठी, दिनेश तिवारी, भानू प्रताप सिंह, प्रवीन चतुवेर्दी, वंदना उपाध्याय, विवेक सिंह, रीना श्रीवास्तव, राजा मुन्ना, मुन्ना सिंह ईसीपुर, मुक्कू ओझा, संतोष द्विवेदी, सुभाष सिंह, गम्मज तिवारी, रोहित शर्मा समेत कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बैंक के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस के आँखों के सामने चोरों ने बाइक उड़ा दी। बाइक गायब देख होश उड़ गए। मालूम हो कि कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के करीम नगर चैसा गांव निवासी सुशील मिश्रा ऊर्फ बबलू की मोटर साइकिल पीबी 10 डीएक्स 9691 बैंक आफ बड़ौदा कुण्डा में खड़ी थी। सुशील मिश्रा पड़ोसी क्षेत्र कौशाम्बी मे रहकर पत्रकारिता करते है। बुधवार को बैंक आफ बड़ौदा की शाखा कुण्डा मे केसीसी के काम से आए थे जो मोटर साइकिल बाहर खड़ी करके बैंक मे चले गए। वापस लौटने पर जिस स्थान पर मोटरसाइकिल खड़ी किए थे उस स्थान पर गाड़ी गायब देख होश उड़ गए। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटर साइकिल का कोई सुराग नहीं लगा।घटना की तहरीर कोतवली पुलिस को दी है।

# नवीन मण्डी समिति महुली को 12 मार्च तक किया गया अधिग्रहीत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में मतदान पार्टियों (पोलिंग पार्टियों) के द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2022 मतदान सम्पन्न होने के पश्चात उनके द्वारा उसी दिन सायं से देर रात तक ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट एवं अन्य निर्वाचन सामग्रियों/अभिलेखों को स्ट्रांग रूम में जमा करने एवं मतगणना कराने हेतु नवीन मण्डी समिति महुली प्रतापगढ़ को तत्काल प्रभाव से अधिग्रहीत किया जाना अनिवार्य है। जिला मजिस्टेज्ट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के भाग 10-प्रकीर्ण के अन्तर्गत धारा-160 (1) (ख) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नवीन मण्डी समिति महुली प्रतापगढ़ के सम्पूर्ण परिसर को तत्काल प्रभाव से दिनांक 12 मार्च 2022 तक अधिग्रहीत करते हुये आदेशित किया है कि उक्त अवधि में ग्राउण्ड का उपयोग विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के कार्य हेतु किया जायेगा।

## रिश्वत मामले में बीसीपीएम से छिना पदभार

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ ब्लाक में आशा बहुओं द्वारा धन वसूली करने के आरोप में बीसीपीएम के खिलाफ कार्यवाही हुई। रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को रिश्वत मांगते हुए बीसीपीएम का एक ऑडियो भी वायरल हुआ जिस पर अधीक्षक डा0 दिनेश सिंह ने बीसीपीएम को उक्त पद से हटा दिया है और डॉक्टरों की तीन सदस्यीय टीम गठित कर उक्त मामले की जांच के लिये कहा है।

## तमंचा व बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी से उ0नि0 गुलाब सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के उड़ैयाडीह तिराहे के पास से एक व्यक्ति राजू सरोज पुत्र राम नरेश निवासी कुन्दनपुर थाना पट्टी को एक अदद तमंचा 12 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व तीन अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 13/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 14/2022 धारा 4/5 विष्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार के लिये दयाराम मौर्य का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**



दयाराम मौर्य रत्न।

**प्रतापगढ़।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुरस्कार समिति की संस्तुति के आधार पर हिन्दी भाषा एवं साहित्य की हिन्दी पद्य हेतु रचित मौलिक कृति संत रविदास प्रकाश (पद्य) के लिये सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार के लिये सेवानिवृत्त श्रेणी में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न का चयन किया गया है। यह पुरस्कार एवं सम्मान समारोह मार्च में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी पुरस्कार समिति के सचिव डा0 दिनेश चंद्र अवस्थी ने दी।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से नशेड़ी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर परियावां रेलवे स्टेशन के पूरबी छोर पर मिश्रपुर गांव के सामने बुधवार की दोपहर लगभग 11 बजे कुंडा की तरफ से अरखा एनटीपीसी को कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से लगभग 35 वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे सूचना पर पहुची नवाबंगज पुलिस एम्बुलेंस से सीएचसी कालाकांकर ले गयी जहाँ हालत गम्भीर होने पर एसआरएन प्रयागराज भेज दिया। चिकित्सक के मुताबिक घायल ब्यक्ति नशे में था जिसके चेहरे पर गम्भीर चोट लगी है।।

# आनंदवन इंटर कालेज में हुआ टीकाकरण



टीकाकरण कराने के बाद प्रसन्नमुद्रा में छात्र-छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोरोना के तीसरी लहर की संभावनाओं के बीच इस बीच टीकाकरण अभियान जोरों से चल रहा है। हर स्कूलों व अस्पतालों में टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। युवाओं के अंदर तेजी से टीकाकरण का उत्साह दिखाई दे रहा है। मंगलवार को आनंदवन इंटर कालेज में कोविड का टीकाकरण किया गया जिसमे 15 वर्ष से ऊपर के लगभग 100 छात्रों का टीकाकरण किया गया, जिसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, दिव्या मिश्रा, साधना तिवारी सहित सभी अध्यापकों ने सहयोग किया।

# कोरोना पाजिटिव आठ स्थलों को अस्थाई रूप से किया गया सील

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) की जांच में 08 स्थलों पर कोरोना पॉजिटव व्यक्ति पाये जाने के दृष्टिगत कोविड-19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण हेतु 08 स्थलों के 25 मीटर की परिधि में 14 दिवस तक अस्थाई रूप से सील कर दिया है एवं परिसर में प्रवेश व निकास एवं वाहनों के संचालन को (अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर) प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होने जिन कोरोना पाजीटिव स्थलों का सील किया है उनमें कोरोना पाजीटिव व्यक्ति शहशांह आलम अजीत नगर, जमालुद्दीन बैजलपुर बिहारगंज, अखिलेश पाण्डेय नौबस्ता जेठवारा, डा0 शिवशंकर गुप्ता 225/अ पल्टन बाजार, डा0 शशिप्रभा गुप्ता 225/अ पल्टन बाजार, सतीश गुप्ता के0पी0 कालेज के पीछे आजाद नगर, सुनील कुमार पाण्डेय भंगवा चुंगी एलआईसी वाली गली तथा फिरोज अहमद गंगापुर ताजपुर कुण्डा के नाम सम्मिलित है। उन्होने कहा है कि इस अवधि में आवश्यक सामग्रियों को लेकर आने-जाने वाले वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेगें किन्तु कोई वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र में अनावश्यक नही रूकेगा। किसी प्रकार की दुकान व बैंक आदि अग्रिम आदेशों तक नहीं खुलेगें। प्रतिबंधित क्षेत्र में आवश्यक सामग्रियों, दवाईयों, दूध, फल, राशन, सब्जी आदि की उपलब्धता डोर-टू-डोर आश्वस्त कराने हेतु ठेले आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जायेगी। सम्बन्धित उप जिला मजिस्टेज्ट माइक्रो कन्टेनमेन्ट घोषित स्थलों में चक्रमणरत रहकर धारा-144 निषेधाज्ञा आदेश एवं एपीडेमिक ऐक्ट तथा सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकाल का अनुपालन कराना सुनिश्चित कराएंगे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 185 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 04 वाहनों का चालान कर 2000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 03 व्यक्तियों से 400 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

### गांजा के साथ हुआ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नवाब खॉन पुत्र छेदन खॉन निवासी पथरा कला थाना करारी के कब्जे से 600 ग्राम नाजायज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## नोडल अधिकारी ने आमजन से कोविड का टीका लगवाने का किया आग्रह

**कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत माइक्रो लेवल तक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश, गोवंशों के स्वास्थ्य की नियमित जॉच कराने के निर्देश नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल नगर पंचायत सराय अकिल रैन बसेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा ग्राम दुगार्पुर एवं गौशाला इब्राहिमपुर का निरीक्षण किया नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय अकिल के निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन कितने लोंगो की कोविड जांच व टीकाकरण की जा रही है टेलीमेडिसीन एवं दवाओं की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कोविड की जॉच एवं टीकाकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एल-1 कोविड वार्ड के निरीक्षण के दौरान कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत माइक्रो लेवल तक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने ऑक्सीजन आपूर्ति को संचालित कराकर सत्यापन किया तथा ऑक्सीजन आपूर्ति संचालन के सम्बन्ध में और अधिक बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों परिजनों को मॉस्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसंग का अनुपालन कराने के निर्देश दिये उन्होंने सीएमओ को कार्ययोजना बनाकर छूटे हुए लोगों की तेजी से टीकाकरण कराने एवं निगरानी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने इंटर कॉलेजो में रोस्टर बनाकर 15 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का टीकाकरण कराने के साथ ही विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाय नोडल अधिकारी ने नगर पंचायत सराय अकिल वार्ड के स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी को प्रत्येक वार्डों में बेहतर साफ-सफाई, फागिंग एण्टीलार्वा व मैलाथियान का छिड़काव एवं नालियों की बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं पर भी कूड़ा एकत्र न होने पाये कूड़े का उठान तत्काल किया जाय तथा कूड़े को ढ़क कर ही ले जाया जाय उन्होंने ईओ को ओवरहेड टैंक का प्रत्येक तीन माह में सफाई कराने के साथ ही ब्लीचिंग कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं पर पाइप लीकेज होने की शिकायत आती है तो तत्काल ठीक कराया जाय तथा सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाया जाय। उन्होंने रैन बसेरा, सराय अकिल के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा एक वॉस बेसिन भी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरओ प्लॉण्ट के निरीक्षण के दौरान पानी की गुणवत्ता की जॉच नियमित कराने के निर्देश दिये नोडल अधिकारी ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान आम-जन से कोविड के दोनों डोज लगवाने की जानकारी प्राप्त करने पर अधिकतर लोगों ने बताया कि उनके द्वारा कोविड के दोनों डोज लगवा लिया गया है जिस पर उन्होंने आमजन से आस-पास के और लोगों को कोविड का टीका लगवाने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जिन लोगों ने टीका नहीं लगवाया है, वे टीका अवश्य लगवा लें उन्होंने उपस्थित आम-जन से वार्ता कर साफ-सफाई एवं राशन वितरण की भी जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने मोहल्ला निगरानी समितियों से कहा कि वे 15 वर्ष से ऊपर के लोगों की सूची तैयार करें तथा जिन लोगों ने टीका नहीं लगवाया है, उन लोंगो को लगवाने के लिए प्रेरित करें नोडल अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा के निरीक्षण के दौरान कोविड जॉच एवं टीकाकरण के कार्यों को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी से दवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकों की संख्या आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छूटे हुए लोगों की सूची तैयार कर टीकाकरण कराया जाय तथा निगरानी समिति के कार्यो की नियमित समीक्षा की जाय नोडल अधिकारी ने ग्राम दुगार्पुर में निगरानी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा छूटे हुए लोगों को दोनों डोज लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान अगर कोई कोविड-19 का संदिग्ध मरीज मिलता है तो तत्काल उसकी जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाय। उन्होंने निगरानी समितियों से मेडिकल किट वितरण के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने ग्रामवासियों से कहा कि जिन्होंने कोविड के दोनो डोज नही लगवाये है वे सभी लगवा लें तथा कोविड गाइड लाइन का अनुपालन करें। उन्होंने ग्राम में स्थित राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान कोटेदार से कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के सम्बन्ध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें जिससे सभी का टीकाकरण सुनिश्चित हो सकें नोडल अधिकारी ने इब्राहिमपुर गौशाला के निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से गौशाला में संरक्षित पशुओं की संख्या एवं चारा आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए गौशाला में रखे गोबर को शासनादेशानुसार कार्यवाही कर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य की नियमित जॉच कराने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय एवं उपजिलाधिकारी चायल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्रमुख सचिव

## बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा मौत

**कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा पेट्रोल पंप के पास हुआ दर्दनाक हादसा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरा कर बाहर निकल रहे बाइक सवार को 10 चक्का ट्रक ने रौंद दिया है जिससे बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप के कर्मचारी समेत स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक कोखराज थाना क्षेत्र के बंश का पुरवा गांव का रहने वाला है।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बंश का पुरवा गांव निवासी कामता प्रसाद सरोज उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र अज्ञात अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से मंझनपुर की ओर जा रहे थे इसी बीच उन्होंने बिसारा पेट्रोल पंप में बाइक में पेट्रोल लिया पेट्रोल लेकर जैसे ही बाइक सवार आगे बढ़े तेज गति 10 चक्का ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया हादसे में कामता प्रसाद सरोज की दर्दनाक मौत हो गई उनके दो अन्य साथियों को मामूली चोट है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पेट्रोल पंप कर्मी स्थानीय ग्रामीण के साथ-साथ स्थानीय पुलिस भी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी जैसे ही बाइक सवारों के घर पहुंची रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।



हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीण

### तमंचा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा तमंचा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कपिल सिंह पुत्र भैय्यालाल निवासी लकौड़ा थाना पश्चिम शरीरा को 01 अदद तमचा 12 बोर व 03 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० अयाज उर्फ भाचा पुत्र मो० एजाज निवासी असरौली थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर क साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मेराज अहमद पुत्र अजीम उल्ला निवासी मुस्तफाबाद थाना सराय अकिल के कब्जे से 01 अदद तमचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर प्रमुख सचिव ने दिया निर्देश



गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा स्थित गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव ने गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्था और बेहतर बनाने का निर्देश दिया है निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पशुओं को शासन के निर्देश के अनुसार राशन चारा उपलब्ध कराया जाए पशुओं को रहने के लिए छावनी की व्यवस्था कराई जाए और साथ ही साथ ठंड से बचाव के लिए पशुओं को कंबल आदि की व्यवस्था की जाए अचानक प्रमुख सचिव के निरीक्षण से अधीनस्थों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### चायल कस्बा में सेना व पुलिस जवानों ने किया फ्लैगमार्च



**कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव 2022 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण कुशलतापूर्वक चुनाव कराने की तैयारियों को लेकर आयोग के निर्देश पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ जिले के हर संवेदनशील स्थानों पर फ्लैगमार्च कर रही है जिससे मतदान शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके पिपरी थाना क्षेत्र के चायल पुलिस चौकी प्रभारी अपने हमराहियों और सेना के जवानों के साथ चायल मनौरी, रोड पर फ्लैग मार्च करते हुए दंगाइयों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया पिपरी थाना प्रभारी और चायल चौकी प्रभारी ने पुरामुफ्ती जा कर अर्ध सैनिक बल को फूल माला से स्वागत करते हुए पिपरी थाना क्षेत्र का भ्रमण कराया और मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए आम जनमानस को शांति बनाए रखने की अपील की।

### सेना के जवानों ने तिल्हापुर मोड़ ने किया फ्लैग मार्च



**तिल्हापुर कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के पिपरी थाना अंतर्गत तिल्हापुर मोड़ और उसके आसपास क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस के साथ सेना के जवानों ने फ्लैग मार्च कर आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया है बुधवार को दोपहर सेना के जवान फ्लैग मार्च पर निकले और इस मौके पर उन्होंने आम जनमानस को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने की अपील की।

### अर्धसैनिक बलों द्वारा मनौरी बाजार में किया फ्लैगमार्च



**कौशाम्बी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से चायल चौकी इंचार्ज आलोक कुमार की अगुवाई में अर्धसैनिक बल के सैनिकों ने मनौरी बाजार में फ्लैगमार्च निकाल कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया है। मनौरी बाजार व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुधीर कुमार केशरवानी व युवा व्यापर अध्यक्ष अंकित केशरवानी ने सैनिकों को माला पहनाकर स्वागत किया अर्धसैनिक बल के जवानों के फ्लैग मार्च के दौरान मनौरी बाजार व्यापार मण्डल के नरोत्तमदास केशरवानी, राधेश्याम केशरवानी रतन केशरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 8 घंटे विद्युत सप्लाई देकर योगी सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं विद्युत अधिकारी

**डीएम सीएम नोडल अधिकारी का आदेश दरकिनार**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के विधुत अधिकारियों का भी कारनामा निराला है किन नेताओं के दबाव में पक्षपातपूर्ण तरीके से विद्युत सप्लाई का रोस्टर बनाया जा रहा है विद्युत अधिकारियों के इन कारनामों से आम जनता के बीच योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है आम जनता योगी सरकार की ब्यवस्था से आक्रोशित हो रही है उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ चुका है और विद्युत विभाग के अधिकारियों के जन विरोधी कारनामों का खामियाजा योगी सरकार के विधायकों को भुगतना पड़ेगा लेकिन फिर भी भाजपा के विधायक और सांसदों ने आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रयास अभी तक नहीं किया है जिससे विद्युत विभाग के अधिकारी मनमानी कर आम जनता को भाजपा से दूरी बनाने में लगे हैं ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के चक थाम्भा गांव के मजरा सेवकु पुर का है। गौरतलब है कि लंबे समय तक सेवकु पुर गांव के लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे थे तमाम प्रयास के बाद गांव में विद्युतीकरण हुआ लेकिन गांव में दो फीडर से विद्युत सप्लाई दी गई है इस मामले में एक दलाल की भूमिका सवालों के घेरे में है एक फीडर से गांव में 8 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाती है जबकि दूसरे फीडर 18 घंटे विद्युत सप्लाई है जबकि गांव की सप्लाई 18 घंटे से ना होकर 8 घंटे की सप्लाई मिलती है अधिशासी अभियंता विद्युत सप्लाई जोड़ने का निर्देश अधीनस्थों को दे दिया अधिशासी अभियंता के निर्देश के बावजूद विद्युत सप्लाई के रोस्टर में सुधार नहीं हो सका नोडल अधिकारी ने भी 3 दिनों के भीतर गांव के विद्युत सप्लाई की व्यवस्था मैं सुधार करने का निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिया था लेकिन 3 महीने का समय बीत गया है अधिशासी अभियंता विद्युत के ठेंगे पर नोडल अधिकारी का निर्देश है अवर अभियंता विद्युत मनमानी करना चाहते हैं उनको मंत्रियों और नोडल अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना करने में डर? नहीं लग रहा है जिसका आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को भुगतना पड़ेगा।

### अवैध शराब के साथ चार लोग गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अलग अलग थानों द्वारा 60 लीटर अवैध शराब के साथ चार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय कर दिया गया है जानकरी के मुताबिक थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता राधा देवी पत्नी बड़कू के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व राजकुमारी पत्नी राजेश निवासी धनपरा थाना करारी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा बल द्वारा अभियुक्त अंगद कुमार पुत्र लसई निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुल्टा पुत्र बदलू निवासी महेवाउपरहार थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## अलाव का जायजा लेने निकले प्रमुख सचिव की गोपनीयता हो गई भंग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा ने रैन बसेरा मंझनपुर में व्यवस्थाओं का तथा मंझनपुर चौराहे का निरीक्षण कर अलाव जलाए जाने की वस्तुस्थिति का जायजा लेने निकले थे लेकिन उनके निरीक्षण की गोपनीयता की जानकारी नगर पालिका मंझनपुर पहुंच गई और उनके पहुंचने के पहले चौराहे पर अलाव जला दिया गया अलाव जलता देख प्रमुख सचिव संतुष्ट हो गए मौके पर अलाव कितनी देर से जल रहा था वहां कितनी रात पड़ी थी कितना जला कोयला एकत्रित था अधजली लकड़ी कितनी मौके पर मौजूद थी इतना ही नहीं अलाव तापने वाले कितने लोग मौके पर मौजूद थे रात कितनी हो गई थी कितनी देर पहले अलाव जलाया गया था इन तमाम बिंदुओं में जिम्मेदारों में सवाल पूछने की जहमत भी प्रमुख सचिव ने नहीं उठाई है पूरे जिले में अलाव जलाए जाने में केवल जिम्मेदारों का आंकड़े बाजी का खेल हो रहा है ठंड से आम जनता को ठिठुर रही है अलाव के बजट को निकालकर जिम्मेदार मालामाल हो रहे हैं मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के किसी भी वार्ड में अलाव जलता नहीं दिख रहा है लेकिन यह मामला भी प्रमुख सचिव को नहीं दिखाई पड़ा है जो योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।



अलाव की व्यवस्था देखते प्रमुख सचिव



विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र

### युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं विवेकानंद : रिचा पांडेय

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत कौशाम्बी द्वारा करारी कस्बे में राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। करारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करारी नगर के कार्यकताओं द्वारा बुधवार को स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई है इस मौके पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया है स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए सरस्वती क्लासेज सोनारन टोला करारी में एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रवासी कार्यकर्ता प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रिचा पाण्डेय ने विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युआवों के लिए प्रेरणा श्रोत है और विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर हम देश को प्रगति के पथ पर ले चल सकते हैं इस अवसर पर तहसील संयोजक मंझनपुर अमित विश्वकर्मा तहसील सह संयोजक संजय विश्वकर्मा नगर मंत्री रन्नो सिंह सहित तमाम कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

### सोशल मीडिया पर हो रहा धड़ल्ले से चुनाव प्रचार

**कौशाम्बी।** जनपद में चुनाव की तारीख घोषित होते ही जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है जगह जगह पर नेताओं के बैनर और पोस्टर उतरवाए जा रहे हैं लेकिन सोशल मीडिया पर अभी भी प्रशासन निगरानी नहीं रख रहा है। गौरतलब है कि लगातार सोशल मीडिया में सभी दल सक्रिय हैं और इसके माध्यम से एक दल दूसरे विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साध रहा है और साथ ही साथ अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। लोगों ने सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस पर ध्यान देकर सोशल मीडिया पर गलत अभद्र भाषा का प्रयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करता है या सभी अराजकतत्त्वों का हौसला और अफजाई होगा यह जिला प्रशासन पर बड़ा सवाल है।

## किसानों के खेत बर्बाद कर रहे हैं आवारा पशु किसान परेशान

**आवारा पशुओं पर सरकार ने नियंत्रण नहीं किया तो किसानों के आक्रोश का कोप भाजन आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को बनना पड़ेगा**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सूबे के मुख्यमंत्री भले ही आवारा पशुओं को गोसंरक्षण केंद्र में रखने का निर्देश दे रहे हो लेकिन जिले में आवारा पशुओं को किसानों की फसलों को बर्बाद करने के लिए खुले में छोड़ दिया गया है जिससे किसान परेशान हैं बार-बार शिकायत के बाद भी गौ संरक्षण केंद्र से जुड़े अधिकारी किसानों की इस समस्या पर समाधान करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा चक थाम्भा हिसामपुर बहरे मऊ सेवकुपुर क्षेत्र में सैकड़ों आवारा पशु किसानों के खेत की फसलों को बर्बाद करते हैं दिनभर सड़कों और गलियों में आवारा पशु विचरण करते हैं और शाम होते ही झुंड का झुंड आवारा पशु किसानों के खेत में घुस जाते हैं अधिकारियों के लापरवाही के चलते किसानों के खेत में घुसने वाले आवारा पशुओं के झुंड फसलें बर्बाद कर रहे हैं जिससे किसानों के सामने विकराल समस्या व्याप्त है एक ओर योगी सरकार आवारा पशुओं को गौसंरक्षण केंद्र में पहुंचाने का निर्देश अधिकारियों को दे रही है लेकिन योगी सरकार का निर्देश कौशांबी में लागू होता नहीं दिख रहा है यदि समय रहते आवारा पशुओं पर सरकार ने नियंत्रण नहीं किया तो किसानों के आक्रोश का कोप भाजन आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को बनना पड़ेगा।



## संपादक की कलम से

# चूक का सच

**पंजाब** में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई है। केस की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जो कारण बताओ नोटिस डीजी और पंजाब के चीफ सेक्रेटरी को भेजा गया था। अब तक केंद्र सरकार की ओर से तय समिति की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यह बात सही है कि सुरक्षा में चूक हुई है। खुद पंजाब सरकार ने इस बात को स्वीकार किया है। लेकिन सवाल यह है कि यदि जांच कमेटी गठत की जाए तो वह क्या करेगी। बता दें कि 5 जनवरी को प्रधानमंत्री का काफिला 15 से 20 मिनट तक इसलिए रुका रहा कि किसान आंदोलनकारियों ने रास्ता रोक रखा था। आखिरकार उन्हें वापस लौटना पड़ा। पंजाब के फिरोजपुर में उनका तय कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। यह निस्संदेह प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर बड़ी चूक है। हालांकि प्रधानमंत्री के उस सड़क से होकर गुजरने की सूचना पंजाब पुलिस को पहले ही दे दी गई थी, फिर भी अगर किसान आंदोलनकारियों को वहां से नहीं हटाया जा सका, तो इससे पुलिस की भारी लापरवाही जाहिर होती है। हुआ यह था कि प्रधानमंत्री को बठिंडा से फिरोजपुर के हुसैनीवाला राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था। यह यात्रा पहले उन्हें हेलीकॉप्टर से करनी थी, मगर मौसम खराब होने और दृश्यता कम होने के कारण हेलीकॉप्टर के बजाय उन्हें सड़क मार्ग से ले जाने का आकस्मिक कार्यक्रम तय कर दिया गया। उन्हें बठिंडा से फिरोजपुर तक पहुंचने में दो घंटे लगने थे। इसके बारे में पंजाब पुलिस को सूचित कर दिया गया। यों पहले से वहां की पुलिस को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई थी, जिसके अनुसार उसे सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था रखनी थी, मगर वह नहीं की गई। आमतौर पर प्रधानमंत्री के दौरों के वक्त पहले से सड़कों के किनारे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाते हैं। इसलिए इस घटना को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। इस घटना को भाजपा साजिश करार दे रही है। खुद प्रधानमंत्री ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए संदेश लिखा।

# युगों-युगों तक सूर्य की तरह प्रकाशमान रहेगा स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन

-सुरेन्द्र कुमार "किशोरी"-



**1893 में** 11 सितंबर को स्वागत संबोधन से लेकर 27 सितंबर के अंतिम भाषण तक में भारत से गए गेरुआ वस्त्रधारी एक 30 वर्षीय युवक ने दुनिया के नक्शे पर लंबे समय से अग्रिम पंक्ति में शामिल अमेरिका में जाकर जब भारतीय धर्म, संस्कृति, आध्यात्म पर हिन्दी में कुछ ऐसा विचार रखा कि वह विचार ना केवल उस समय दुनिया में प्रासंगिक हुए, वरन 125 साल बाद भी दुनिया भर में उसकी चर्चा होती है तथा भारतीय अध्यात्म के स्वर्ण अक्षरों में सदियों-सदियों तक दर्ज रहेगा।

विवेकानंद नाम के उस युवक ने शिकागो के विश्व धर्म संसद में स्वागत से लेकर अंतिम दिन तक हिंदुस्तान की व्याख्या किया तो दुनिया चौंक उठा। तभी तो आज भी स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं, दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित राष्ट्रवाद और युवा को लेकर बनाए गए संघ-संगठन स्वामी विवेकानंद से संबंधित कार्यक्रम करते रहते हैं, उनके जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। युवाओं के प्रेरक, भारतीय संस्कृति के अग्रदूत, विश्वधर्म के उद्घोषक, व्यावहारिक वेदांत के प्रणेता, वैज्ञानिक अध्यात्म के भविष्यद्रष्टा स्वामी विवेकानंद को चिर निंद्रा में सोए 120 वर्ष पूरा होने को हैं। लेकिन उनका हिमालय-सा उत्तुंग व्यक्तित्व आज भी युगाकाश पर उज्जवलीमान सूर्य की तरह प्रकाशमान है। उनका जीवन दर्शन आज भी उतना ही उत्प्रेरक एवं प्रभावी है, जितना सौ वर्ष पूर्व था। बल्कि उससे भी अधिक प्रासंगिक बन गया है। तब राजनीतिक पराधीनता की बेड़ियों में जकड़ी मां भारती के दीन-दुर्बल संतानों को इस योद्धा सन्यासी की हुंकार ने अपनी कालजयी संस्कृति की गौरव गरिमा से परिचय कराया था। विश्वमंच पर भारतीय धर्म एवं संस्कृति के सार्वभौम संदेश की गर्जना से विश्व चमत्कृत हो उठा था, आज हम राजनीतिक रूप से स्वतंत्र होते हुए भी बौद्धिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक रूप से गुलाम हैं। आज देश भौतिक-आर्थिक रूप से प्रगति कर रहा है, समृद्ध होते एक बड़े वर्ग की खुशहाली को देखकर इसका आभास होता है और उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में इसका वैश्विक आकलन और यहां की प्रतिभाओं का वर्चस्व भी आश्वस्त करता है। लेकिन प्रगतिशील इंडिया और आम इंसान के गरीब भारत के बीच विषमता की जो खाई है, उसे पाटे बिना देश की समग्र प्रगति की तस्वीर अधूरी ही रहेगी।

विवेकानंद की विचारों को आत्मसात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस खाई को पाट रहे हैं, दुनिया में भारतीय संस्कृति का झंडा बुलंद कर रहे हैं। क्योंकि, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक पराधीनता से मुक्त युवा शक्ति ही उस स्वप्न को साकार कर पाएगी, इसके लिए आध्यात्मिक उत्क्रांति की जरूरत है। स्वामी विवेकानंद का जीवन अपने प्रचंड प्रेरणा-प्रवाह के साथ युवाओं को इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हर युग में स्वामी विवेकानंद के वाक्यों को मंत्रवत ग्रहण करते हुए कितने ही युवा अपना जीवन व्यापक जनहित एवं सेवा में अर्पित करते रहे हैं। अनेक युवा उनके सम्मोहन में बंधकर आदर्शोन्मुखी जीवनधारा की ओर मुड़ रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के शब्दों में सबसे पहले हमें स्वस्थ एवं वलिष्ठ शरीर की जरूरत है और बाकी चीजें बाद में आवश्यक हैं। कमजोर और रुग्ण शरीरवाला अध्यात्म के मर्म को क्या समझ पाएगा। युवाओं को लोहे की मांसपेशियों की जरूरत है और साथ ही ऐसी नस-नाड़ियों की जरूरत जो फौलाद की बनी हो। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि शरीर के साथ नस-नाड़ियों के फौलादीपन से तात्पर्य मनोबल, आत्मबल से है, जो चरित्र का बल है। संकल्प ऐसा महान हैं जिसे कोई भी बाधा रोक नहीं सके, जो अपने लक्ष्यसंधान के लिए ब्रह्मांड के बड़े-से-बड़े रहस्य का भेदन करने के लिए तत्पर हो, चाहे इसके लिए सागर की गहराइयों में ही क्यों नहीं उतरना पड़े और मृत्यु का सामना ही क्यों नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा था कि स्वधर्म के साथ युगधर्म का बोध भी आवश्यक है, अपने कल्याण के साथ राष्ट्र, पीड़ित मानवता की सेवा जीवन का अभिन्न अंग बनें। ऐसा धर्म किस काम का, जो भूखों का पेट नहीं भर सके। अगले एक सौ वर्षों तक हमें किसी भगवान की जरूरत नहीं है। क्योंकि गरीब, पीड़ित, शोषित, अज्ञानग्रस्त, पिछड़ा समुदाय ही भगवान है। लानत है ऐसे शिक्षितों पर जो उनके आंसू नहीं पोंछ सकें, जिनके बल पर इस जीवन की दक्षता को हम अर्जित करते हैं। ऐसी विषम परिस्थिति में उम्मीद है उन युवाओं से जिनकी एकमात्र पूंजी भाव संवेदना तथा आदर्श प्रेम है, ऐसे समर्पित युवा ही ईश्वरीय योजना का माध्यम बनेंगे। उन्हें वह सूझ और शक्ति मिलेगी कि वे कुछ सार्थक कार्य कर सकें। वही अपने उच्च चरित्र, सेवाभाव और विनय द्वारा देश, समाज एवं विश्व का कुछ भला कर सकेंगे। जब मेरा शरीर नहीं रहेगा तो मेरी आत्मा उनके साथ काम करेगी। स्वामी विवेकानंद द्वारा कहे गए यह शब्द आज भी एक आह्वान के रूप में महसूस किए जा सकते हैं। धर्म का सार दो शब्दों में समाहित करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि सच्चाई एवं अच्छाई का रास्ता विश्व का सबसे फिसलन भरा एवं कठिन मार्ग है। कितने सारे लोग इसके रास्ते में ही फिसल जाते हैं, बहक-भटक जाते हैं और कुछ मुट्ठीभर इसके पार चले जाते हैं। अपने उच्चतम ध्येय के प्रति मृत्युपर्यंत निष्ठा ही चरित्रबल और अजेय शक्ति को जन्म देती है। यह शक्ति निस्संदेह सत्य की होती है, यही सत्य संकटों में, विषमताओं में, प्रतिकूलताओं में रक्षा कवच बनकर दैवी संरक्षण देता है। इसके समक्ष धन, ऐश्वर्य, सत्ता, समस्त विद्याएं एवं सिद्धियां तुच्छ हैं, तीनों लोकों का वैभव भी इसके सामने कुछ नहीं है। चरित्र की शक्ति अजेय है, अपराजेय है, लेकिन यह एक दिन में विकसित नहीं होता है, हजारों ठोकरें खाते हुए इसका गठन करना होता है। जब चरित्र विकसित हो जाता है तो एक व्यक्ति में पूरे विश्व-ब्रह्मांड के विरोध का सामना करने की शक्ति पूर्ण प्रवाह से आ जाती है, आज जरूरत ऐसे ही चरित्रनिष्ठ युवाओं की है।

# औपचारिक मृत्यु नहीं, अनौपचारिक जीवन दो

-भरत झुनझुनवाला-

**वर्तमान** में अर्थव्यवस्था सुचार रूप से चल रही दिखती है। जीएसटी की वसूली 130000 करोड़ रुपए प्रति माह के नजदीक पहुंच गई है जो कि आज तक का अधिकतम स्तर है। कोविड के ओमिक्रॉन वेरिएंट के आने के बावजूद शेयर बाजार का सेंसेक्स 5500 से 6000 के स्तर पर बना हुआ है। रुपए का मूल्य 70 से 75 रुपए प्रति डॉलर पर बीते कई वर्षों से स्थिर टिका हुआ है। तमाम वैश्विक संस्थाओं के आकलन के अनुसार भारत विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली व्यवस्था बन चुकी है। इन सब उपलब्धियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी को एक विशेष चुनौती बताया है। तमाम आकलन भी बताते हैं कि वर्तमान में देश की जनता द्वारा की जा रही खपत कोविड पूर्व के स्तर से भी नीचे है। यानी जीएसटी की वसूली 130000 करोड़ रुपए प्रति माह के स्तर पर पहुंचने और अर्थव्यवस्था के सुचारू रूप से चलता दीखने के बावजूद आम आदमी की खपत सपाट है और रोजगार नदारद हैं। इस समस्या की जड़ें नीति आयोग के चिंतन में निहित हैं। वर्ष 2018 में नीति आयोग ने देश की 75वीं वर्षगांठ के लिए बनाए गए रोड मैप में कहा था कि औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना होगा और श्रम-सघन रोजगार को भी बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग इन दोनों उद्देश्यों को एक साथ बढ़ावा देना चाहता है। आयोग समझता है कि यह दोनों उद्देश्य एक साथ मिलकर चल सकते हैं, जैसे गाड़ी के दो चक्के मिलजुल कर एक साथ चलते हैं। लेकिन वास्तव में इन दोनों उद्देश्यों के बीच में अंतर्विरोध है जैसे गाड़ी का एक चक्का आगे और दूसरा चक्का पीछे की तरफ चले तो गाड़ी डगमग हो जाती है। इसीलिए वर्तमान में रोजगार की गाड़ी डगमग हो चली है जैसा प्रधानमंत्री ने कहा है। औपचारिक रोजगार और श्रम-सघन उद्योग के बीच पहला अंतर्विरोध श्रम की लागत का है। जैसे मान लीजिए नुक्कड़ पर मोमो बेचने वाले अनौपचारिक कर्मियों को हम औपचारिक छत्रछाया के नीचे ले आते हैं। अब इनका पंजीकरण होगा। पंजीकरण के बाद इन्हें अपने द्वारा बेचे गए मोमो का वजन नियमानुसार प्रमाणित करना होगा। इनके कार्य पर स्वास्थ्य निरीक्षक की नजर रहेगी। इन्हें अपनी दुकान को खोलने व बंद करने के समय निर्धारित करने होंगे। इन्हें सही क्वालिटी की प्लेट लगानी होगी। अपने सहायकों को दिए गए वेतन का प्रोविडेंट फंड काटना होगा और उन्हें न्यूनतम वेतन देना होगा। बैंक में जाकर प्रोविडेंट फंड जमा कराने में इनका समय लग जाएगा। सरकारी निरीक्षक महोदय को मुफ्त मोमो भी देने होंगे। इन तमाम कार्यों से इनके द्वारा बनाए गए मोमो की लागत बढ़ जाएगी। आज वर्तमान में यदि ये 7 रुपए में मोमो बेचते हैं तो औपचारिक रोजगारी बनने के बाद इनके द्वारा उत्पादित मोमो का मूल्य बढ़कर 10 रुपए हो जाएगा। इनके मोमो का मूल्य बढ़ जाने से इनकी जो कम दाम में बेचने की विशेषता है, वह समाप्त हो जाएगी। खरीददार 7 रुपए में नुक्कड़ पर मोमो खरीदने के स्थान पर 10 रुपए में मॉल में मोमो खरीदेगा क्योंकि नुक्कड़ पर भी मोमो का दाम अब मॉल की तरह 10 रुपए हो जाएगा। श्रम सघन उद्योग की बलि औपचारिक रोजगार की वेदी पर चढ़ा दी जाएगी। दोनों उद्देश्य साथ-साथ नहीं चलेंगे। औपचारिक उत्पादन में दूसरा संकट ऑटोमेटिक मशीनों का है। मॉल में मोमो बेचने वाले औपचारिक विक्रेता द्वारा डिश वॉशर लगाया जाएगा और ऑटोमेटिक ओवन होगा जिसमें बिजली की खपत कम होगी। इन ऑटोमेटिक मशीनों के कारण मोमो के औपचारिक उत्पादन में रोजगार की संख्या कम होगी। इसलिए औपचारिक रोजगार के चलते श्रम सघन नहीं बल्कि श्रम विघन रोजगार उत्पन्न होंगे। रोजगार की संख्या कम होगी। औपचारिक रोजगार में तीसरा संकट वित्तीय औपचारिकता यानी नोटबंदी और जीएसटी का है। नोटबंदी के बाद वर्ष 2017 में एक ओला के ड्राइवर से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि वे 35 वर्षों से चार महिलाओं को रोजगार दे रहे थे। उनसे घर पर कपड़ों में कसीदा करा रहे थे। नोटबंदी के बाद उनके क्रेताओं ने उन्हें नकद में पेमेंट करना बंद कर दिया। उनके पास व्यवस्था नहीं थी कि वे बैंक के माध्यम से कपड़े का पेमेंट ले सकें। यह भी कहा कि नगद माल खरीदने वाले ही नहीं रहे। अब बड़ी दुकानों में डेबिट कार्ड के पेमेंट से ही कपडे. खरीदे जा रहे हैं। उनका बाजार समाप्त हो गया। उन्होंने चारों महिलाओं को मुअत्तल कर दिया और स्वयं जीविका चलाने के लिए ओला के ड्राइवर का काम शुरू कर दिया। लगभग यही स्थिति जीएसटी की है। जीएसटी के कारण छोटे उद्योगों को तमाम कानूनी पेंचों से जूझना पड़ रहा है जिसके कारण उनका धंधा कम हो रहा है। यह बात तमाम रपटों में दिखाई पड़ती है। इन तमाम कारणों से औपचारिक और श्रम सघन रोजगार में सीधा अंतर्विरोध है। औपचारिक रोजगार के चलते श्रम सघन उत्पादन का मूल्य बढ़ता है और ऑटोमेटिक मशीनों के उपयोग से श्रम का उपयोग घटता है। नोटबंदी और जीएसटी के कारण पुनः रोजगार घटता है। लेकिन नीति आयोग इस अंतर्विरोध को नहीं समझता अथवा नहीं समझना चाहता है। इसलिए अनायास ही औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देने में नीति आयोग ने देश में रोजगार ही समाप्त कर दिए हैं। न्यून स्तर के अनौपचारिक जीवन के स्थान पर नीति आयोग ने औपचारिक मृत्यु को देशवासियों के पल्ले में डाल दिया है जिसके कारण प्रधानमंत्री ने कहा है कि रोजगार हमारे सामने प्रमुख चुनौती है। संभवतः नीति आयोग भारत को विकसित देशों की।

# 'सोशल मीडिया' किस दल में कितना दम ?

-प्रभुनाथ शुक्ला-

**पांच राज्यों** में राज्य विधानसभा चुनाव घोषित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदान और मतगणना की तारीख भी सुनिश्चित कर दिया है। चुनाव बेहद नाजुक दौर में हो रहा है।

जब पूरी दुनिया महामारी की चपेट में है उस स्थित में चुनाव करना कितना जायज है यह भी अपने आप में सवाल है। आम चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और जनता का अधिकार भी। दुनिया के किसी भी देश के लिए सत्ता और सरकार चुनने का यह माध्यम सबसे निष्पक्ष और पारदर्शी है। लेकिन कोविड-19 के दौर में लोगों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना होगा। चुनाव आयोग ने अपनी गाइड लाइन में कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ख्याल रखा है।

चुनाव आयोग ने पंजाब, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और राजनीतिक लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के नए नियम बनाए हैं। जिसमें 15 जनवरी तक कोई भी राजनीतिक दल रोड शो, रैली नहीं कर सकता है। यहां तक कि नुक्कड़ सभा और पदयात्रा पर भी रोक होगी। सिर्फ डोर-टू-डोर मिलने की अनुमति दी गई है। ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अत्यधिक बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर से ही वोटिंग करने का फैसला लिया गया है। लेकिन इस हालात में लोकतंत्र की मूल भावना कहीं ना कहीं से प्रभावित होगी। क्योंकि जनसभाओं के माध्यम से जो बात जनता तक पहुंचती है वह वर्चुअल मंच के जरिए संभव नहीं है।




यह बात सच है कि देश में शिक्षा और संचार क्रांति की वजह से वर्चुअल दुनिया ने नया आयाम लिया है। कोविड काल में यह मंच सबसे सुरक्षित और प्रभावशाली साबित हुआ है।

राजनीतिक दल बदले माहौल में इसका कितना अधिक उपयोग कर सकते हैं यह देखना होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तकरीबन 25 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 18 करोड़ से अधिक लोग अपना वोट डालेंगे। तकरीबन 10 करोड़ पुरुष और 8 करोड़ 50 लाख महिला मतदाता होंगी। 690 पोलिंग बूथों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 50 हजार से अधिक केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। पंजाब में 117, गोवा में 40 मणिपुर में 60 और उत्तराखंड में 70 सीटों पर मतदान होगा। जबकि उत्तर प्रदेश में 403 सीटों के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। 1620 महिला पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। संक्रमण को देखते हुए एक पोलिंग बूथ पर सिर्फ 1250 मतदाता अपने वोट डाल पांएगे।

हालांकि जिन परिवारों ने दूसरी लहर का सामना किया है और अपने किसी प्रिय परिजन को खोया है ऐसे परिवार किसी भी कीमत में संक्रमण का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। ऐसे हालात में चुनाव आयोग को ऑनलाइन वोटिंग पर भी विचार करना चाहिए। जब वर्चुअल सभाएं हो सकती हैं तो ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती। महामारी की स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग को इस पर बहुत पहले से ही निर्णय लेना चाहिए था। लोकतंत्र के उत्सव का महानायक मतदाता है, उसकी जान को जोखिम में डालकर चुनाव संपन्न कराना कितना जायज है। इसका जवाब राजनीतिक दल और आयोग ही दे सकता है। लेकिन इसका प्रभाव वोटिंग पर साफ दिख सकता है। मतदान में गिरावट आ सकती है। प्रचार माध्यम में जहां तक वर्चुअल मंच की बात है उसमें भारतीय जनता पार्टी सबसे नंबर वन है। भाजपा का आईटी सेल बहुत ही मजबूत और जमीनी स्तर पर काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और और कार्यकर्ता सोशल मीडिया मंच पर सक्रिय रहते हैं। फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम पर पार्टी के लाखों लाख फॉलोअर्स हैं। भाजपा के बाद समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी अधिक सक्रिय हैं। सपा में सिर्फ अखिलेश यादव खुद ही वर्चुअल मंच पर सक्रिय दिखते हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भाजपा ने डेढ़ लाख पन्ना और बूथ प्रमुखों को व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ रखा है। पार्टी ने 2016 में ही हर उस उम्मीदवार के लिए शर्त रखी थी कि जो भी पार्टी का टिकट चाहेगा सोशल मीडिया पर उसके लिए 25 हजार फॉलोअर्स होने चाहिए।

# युवा चेतना के संवाहक स्वामी विवेकानंद .......!

-डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट-



**स्वामी** विवेकानंद को युवा चेतना का संवाहक कहे तो अतिश्योक्ति नही होगी।विवेकानंद संसार की एक ऐसी दिव्य विभूति हुई है जिन्होंने अपने अल्पायु जीवन मे कई जन्मों का सार्थक काम कर युवाओं के सामने एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया था।स्वामी विवेकानंद न सिर्फ एक व्यक्ति रहे है बल्कि वे एक सार्थक सोच के धनी रहे है,एक विचारशील व्यक्तित्व रहे है ,स्वयं में एक क्रांतिदूत रहे है,जिन्होंने नवनिर्माण व नवराष्ट्र की सोच विकसित की। वे नैतिक मूल्यों के विकास एवं युवा चेतना के जागरण हेतु प्रतिबद्ध रहे तो मानवीय मूल्यों के पुनरुत्थान के सजग प्रहरी, अध्यात्म दर्शन और संस्कृति को जीवंतता देने वाली संजीवनी बूटी भी उन्हें कहा जा सकता है।विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए । स्वामी विवेकानन्द आज भी देश ही नही दुनियाभर के युवाओं के आदर्श कहे जा सकते हैं। उनकी सोच रही कि युवको को शारीरिक प्रगति से ज्यादा आंतरिक प्रगति की आवश्यकता है। उन्होंने युवकों को प्रेरणा देते हुए कहा था कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है, फिर उसका विरोध होता है और अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है। वे युवकों में जोश भरते हुए कहा करते थे कि उठो मेरे शेरों ! इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। ऐसी ही कुछ प्रेरणाएं हैं जो आज भी युवकों को आन्दोलित करती हैं, सतपथ दिखाती हैं और जीवन जीने का दर्शन बोध कराती हैं।

रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद एक ऐसे युवा संत हुए जिनका रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। राष्ट्र के दीन-हीनजनों की सेवा को ही वे ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे।

इस युवा संन्यासी ने निजी मुक्ति को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाया था, बल्कि करोड़ों देशवासियों के उत्थान को ही अपना जीवन-लक्ष्य बनाया। उनके सदवचन, किसी की भी जिंदगी परिवर्तित कर सकते है।उनके शब्दों में, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं।वे स्वयं को स्वयं से मिलाते हुए कहते है कि वह हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं।

# कोविड काल में कोरोना गाइड लाइन के साथ चुनाव घोषणा

-डॉ. भरत मिश्र प्राची-

**देश के** हर कोने से फिर से कोरोना बढ़ने की खबर आ रही है, इस कोविड काल में मुख्य चुनाव आयुक्त सुषोल चंद्रा ने कोविड गाइड पालना के साथ पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव 7 चरणों में होने की घोषणा कर दी। जहां उत्तर प्रदेश की कुल 403 विधान सभा सीटों में से 14 जनवरी नामांकन के साथ 10 फरवरी को 58 सीटों के लिये प्रथम चरण, 21 जनवरी को नामांकन के साथ 55 सीटों के लिये 14 फरवरी को दूसरे चरण, 25 जनवरी को नामांकन के साथ 59 सीटों के लिये 20 फरवरी को तीसरे चरण, 27 जनवरी नामांकन के साथ 60 सीटों के लिये 23 फरवरी को चौथे चरण, 1 फरवरी नामांकन के साथ 60 सीटों के लिये 27 फरवरी को पांचवें चरण, 4 फरवरी नामांकन के साथ 57 सीटों के लिये 3 मार्च को छठे चरण एवं 10 फरवरी नामांकन के साथ 54 सीटों के लिये 7 मार्च को सातवें चरण तथा मणिपुर राज्य की 60 सीटों के लिये 27 फरवरी , 3 मार्च को दो चरणों में, उतराखंड की 70, पंजाब की 117 एवं गोवा की 40 सीटों के लिये 14 फरवरी को चुनाव होने की घोषणा की। इस प्रक्रिया में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कोविड काल को देखते हुये पहली बार 14 जनवरी तक चुनाव रैली, पद यात्रा, रथ यात्रा, साइकिल यात्रा, सड़क,नुक्कड़ आदि पर रैली आयोजन करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने एवं चुनाव उपरान्त विजय जुलूस पर पाबंदी के साथ 15 जनवरी को फिर से समीक्षा किये जाने की बात करते हुये हर एक से चुनाव दौरान कोरोना गाइड पालना के साथ डिजिटल चुनाव प्रचार करने की सलाह दी। चुनाव दौरान कोरोना का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिये चुनाव आयुक्त ने सभी पोलिंग बुथों को सैनेटाइज करने, डबल वैक्सीनेट कर्मचरियों को बुस्टर डोज लगाने के साथ चुनाव डयूटी पर लगाने एवं हर बुथ पर मास्क, ग्लॉब्स, सैनेटाइजर उपलबध कराने की व्यवस्था किये जाने की बात की। साथ ही कोरोना संक्रमितों के लिये पोस्टल बैलेट से मतदान में भाग लेने की पहली बार व्यवस्था की जा रही है।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा अहम मसला

-त्रिलोक कपूर-



**कारगिल** का युद्ध अभी चल ही रहा था लेकिन तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी नरेंद्र मोदी हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के साथ सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए अग्रिम मोर्चे पर पहुंचे थे। नरेंद्र मोदी ने ही श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा उस समय लहराया था जब आतंकवाद चरम पर था। प्रधानमंत्री बनने के बाद पंद्रह अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन बुलेट प्रूफ मंच की रिवायत को खत्म कर देश की जनता से सीधा संवाद स्थापित नरेंद्र मोदी ने ही किया था। भारतीय वायु सेना के अधिकारी अभिनंदन की पाकिस्तान में आपातकालीन लैंडिंग के बाद उपजे घटनाक्रम में पाकिस्तान के गले में अंगूठा देकर अभिनंदन को सकुशल लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे। पुलवामा और उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को कड़ा संदेश देने वाले प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे। गलवान में चीनी सेना के नापाक इरादों को नेस्तनाबूद कर अपनी मजबूत पहचान बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे। आखिर 5 जनवरी 2022 को पंजाब में बिना रैली किए अपने प्रेरणा स्त्रोत भगत सिंह को श्रद्धांजलि दिए बिना वापस दिल्ली क्यों लौटे? यह प्रश्न बार-बार कौंध रहा है कि जो व्यक्ति दृढ़ इच्छा शक्ति का धनी हो, जिसने अतीत में रैली की संख्या को ध्यान न देकर भी कई रैलियों को संबोधित किया हो, आखिर वो वापस क्यों लौटे। क्या देश के विपक्षी दल घृणा की राजनीति कर रहे हैं, क्या विपक्षी दल मोदी विरोध को प्रधानमंत्री के विरोध में बदलने की साजिश कर रहे हैं, जैसे उन्हें पता हो कि उनके दल से कोई प्रधानमंत्री अब बनेगा ही नहीं। इन प्रश्नों का उत्तर नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व को गहराई से परख कर ही चल सकता है। मोदी वैसे तो प्रधानमंत्री हैं, लेकिन कदम-कदम पर प्रधानमंत्री पद की मयार्दा, नियम, निर्देश, प्रोटोकॉल और सीमाओं का उल्लंघन करने से बचते हैं। जब पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने कहा कि आपको अब वापस जाना पड़ेगा तो एसपीजी के नियम के अनुसार उन्होंने वापस जाना सही समझा। सोचिए कि वो आदेश दे देते कि मुझे तो रैली में जाना ही है तो अराजक तत्त्वों के साथ उस समय कैसी कार्रवाई हो सकती थी। लेकिन इस पूरे प्रकरण में पंजाब सरकार, पंजाब पुलिस, पंजाब कांग्रेस और कांग्रेस प्रवक्ताओं का आचरण, कार्यप्रणाली और सोच दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुराग्रहों से प्रेरित रही। आखिर क्या कारण थे कि मुख्यमंत्री चरनजीत चन्नी, मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक प्रधानमंत्री के स्वागत में क्यों नहीं आए।

## इंटर स्टेट प्रतियोगिता में तनु गुप्ता ने बेडमिंटन में जीता गोल्ड मेडल

**साम्बा।** यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन की ओर से कर्रवाई जा रही खेलों में जिला सांबा की तहसील राजपुरा के सनूरा गांव की तनु गुप्ता पुत्री मदन लाल ने इंटर स्टेट से बेडमिंटन में गोल्ड मेडल जीता। तनु गुप्ता का हौंसला बढ़ाने के लिए जिला विकास परिषद राजपुरा आशा रानी, बीडीसी चेयरमैन राधेश्याम शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने तनु गुप्ता को मंगलवार को सम्मानित किया। गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपने गांव पहुंच कर तनु गुप्ता ने बताया कि यहां तक पहुँचने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ी है। वही आपको बता दें तनु गुप्ता ने इंटर स्टेट से बेडमिंटन में गोल्ड मेडल जीता है। बता दें कि तनु गुप्ता एक मध्य वर्गीय परिवार से है। उसके पिता मदन लाल मजदूरी का काम करते हैं और माता गृहिणी हैं। तनु गुप्ता ने साबित कर दिया है कि माता पिता का नाम ऊंचा करने के लिए सिर्फ लड़का होना जरुरी नहीं है। आज बेटियां भी हर क्षेत्र में नाम कमा कर देश के साथ-साथ अपने क्षेत्र का नाम ऊंचा कर रही हैं। इस सम्मानित समारोह में चौकी प्रभारी सुनील दत्त, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश जसरोटिया, पूर्व सरपंच भारतेंदु शर्मा, सतपाल शर्मा, महेश कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा व कुलदीप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## इंडिया ओपन 2022 : अश्मिता चालिहा ने जीत के साथ की शुरूआत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को इंडिया ओपन 2022 में धमाकेदार शुरूआती की। अश्मिता ने पहले दौर के मुकाबले में रूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी एवगेनिया कोसेट्सकाया को 24-22, 21-16 से हराया।

## क्रिस मॉरिस ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी क्रिस मॉरिस ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। मॉरिस ने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जो उनकी यात्रा का हिस्सा थे और जिस कोचिंग भूमिका के लिए उन्हें चुना गया था, उसके लिए उन्होंने उत्साह व्यक्त किया। मॉरिस ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा,आज मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं! उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने मेरी यात्रा में हिस्सा लिया है चाहे वह बड़ा हो या छोटा। मॉरिस ने दिसंबर 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 2013 में अपना पहला एकदिवसीय मैच खेला। टेस्ट क्रिकेट उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में पदार्पण किया। मॉरिस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 42 एकदिवसीय और 23 टी-20क में भाग लिया, उन्होंने आखिरी बार 2019 में देश के लिए अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।

## भारत में बुकमाइशो पर उपलब्ध होगी महान स्पिनर वार्न पर बनी डॉक्यूमेंट्री




**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व महान स्पिनर शेन वार्न पर बनी डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) ह्यशेन भारतीय प्रशंसकों के लिए 15 जनवरी से बुकमाइशो स्ट्रीम पर उपलब्ध होगी।

इस दिग्गज खिलाड़ी की शानदार क्रिकेट यात्रा पर बनी इस डॉक्यूमेंट्री से क्रिकेट प्रेमियों को वार्न के जीवन की झलक देखने को मिलेगी।

इंडियन प्रीमियर लीग के पहले ही टूनार्मेंट में खिताबी जीत दर्ज करने वाली टीम के कप्तान रहे वार्न भारत से अपने विशेष रिश्ते, अपने साथियों तथा सचिन तेंदुलकर जैसे महान भारतीय क्रिकेटरों के साथ अपने संबंधों पर रोशनी डालेंगे।

वार्न ने बयान में कहा, मैं अपनी डॉक्यूमेंट्री शेन को जारी करके बेहद रोमांचित महसूस कर रहा हूं जो विशेष तौर पर बुकमाइशो स्ट्रीम पर उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा, इस फिल्म में हैं अपने करियर पर बात करूंगा जिसमें सर्वश्रेष्ठ पल भी शामिल होंगे जैसे 2008 में राजस्थान रॉयल्स को पहले आईपीएल का खिताब दिलाना और कुछ शानदार लोगों के साक्षात्कार जो मेरी यात्रा का हिस्सा रहे।

# जीत की गति को बनाए रखना ही हमारा उद्देश्य- यूपी योद्धा कोच जसवीर सिंह



**बेंगलुरू।** बेंगलुरू बुल्स पर 42-27 के साथ शानदार जीत के दम पर और प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में कुल 22 टैकल अंकों के साथ एक रिकॉर्ड बनाते हुए, यूपी योद्धा की टीम 12 जनवरी 2022 को हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स दोनों के पास 20 अंक हैं, योद्धा जहाँ अंक तालिका में सातवें पायदान पर काबिज है वहीं स्टीलर्स उनसे एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर हैं।

अभी तक की पीकेएल यात्रा में यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स ने अब तक 4 बार एक-दूसरे का सामना किया है, दोनों टीमों ने एक-दूसरे को दो-दो मौकों पर हराया है। हालांकि योद्धाओं के पास इस बात का फायदा है कि, न केवल उन्हें पीकेएल 7 में अपने आखिरी मुकाबले में स्टीलर्स को 37-30 से हराया था बल्कि 9 जनवरी 2022 को अपने आखिरी मैच में बेंगलुरू बुल्स पर जोरदार 42-27 जीत के साथ आत्मविश्वास से भरे हुए हैं । जबकि स्टीलर्स पर 10 जनवरी 2022 को तमिल थलाइवाज के विरुद्ध मिली 26-45 की शिकस्त को भूल कर मैच में वापसी करने का दबाव होगा। मैच से पहले यूपी योद्धा के मुख्य कोच, जसवीर सिंह ने कहा, ह्नबेंगलुरू बुल्स के खिलाफ हमारी जीत ने निश्चित रूप से हमारी टीम का मनोबल बढ़ाया है। प्रो कबड्डी लीग में हम जिस उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करते हैं, उसे देखते हुए अंक तालिका में दूसरे स्थान की टीम के खिलाफ यह जीत हमारे लिए बहुत जरूरी थी और इससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी । मैं पहले भी कह चुका हूँ कि मुझे टीम के प्रदर्शन के साथ कोई समस्या नहीं थी, हालांकि हमें ड्रॉ और करीबी हार वाले मुकाबलों को जीत में बदलने के लिए एक टीम के रूप में खेलना चाहिए था, और हमारा आखिरी गेम इस बात का प्रमाण है । आगे बढ़ते हुए हमारा एकमात्र उद्देश्य अपनी जीत की गति को बनाए रखना है और मुझे विश्वास है कि हमारी टीम हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ विजयी रथ चलाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।"

## भावुक टेलर ने कहा, जीत और विकेट के साथ करियर का अंत करना शानदार



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर 15 साल के टेस्ट करियर की अंतिम गेंद पर विकेट और बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला बराबर कराने वाली जीत से बेहतर विदाई की उम्मीद नहीं कर सकते थे और यह स्टार बल्लेबाज सहमत है कि यह शानदार रहा। टेलर ने अपने टेस्ट करियर का अंत इबादत हुसैन को आउट करके किया जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को पारी और 117 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर दी। भावुक टेलर ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, करियर का अंत जीत और विकेट के साथ करना शानदार है, मैं जीत के साथ करियर खत्म करना चाहता था और खिलाड़ियों ने ऐसा किया। बांग्लादेश ने कई बार हमें काफी दबाव में डाला, यह उचित है कि हम इस श्रृंखला को साझा करेंगे। बांग्लादेश का नौवां विकेट गिरते ही हेगले ओवल में मौजूद दर्शकों ने टेलर का नाम लेना शुरू कर दिया और दर्शकों की बात को मानकर कप्तान टॉम लैथम ने उन्हें गेंद सौंपी । सैंतीस साल के टेलर की तीसरी ही गेंद पर इबादत ने न्यूजीलैंड के कप्तान को कैच थमा दिया जिससे 112 टेस्ट में इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपना सिर्फ तीसरा टेस्ट विकेट हासिल किया। टेलर ने इससे पहले 2010 में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के दौरान हरभजन सिंह और एस श्रीसंत के रूप में दो विकेट हासिल किए थे। टेलर ने अपने पूरे टेस्ट करियर में सिर्फ 16 ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने पिछली बार आठ साल पहले गेंद थामी थी। टेलर ने कहा, श्रृंखला शानदार रही- मैं सोच रहा था कि क्या कल हमें दोबारा मैदान पर उतरना होगा लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंत में यह थोड़ा रोचक हो गया, मैंने विकेट हासिल और टॉम ने कहा कि पूरे मैच में यह मेरे लिए सबसे अनमोल चीज रही।

उन्होंने कहा, मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का बेहद लुत्फ उठाया, यहां (क्राइस्टचर्च) में मैं काफी खेला, काफी समय बिताया और यह अंत करने का शानदार तरीका है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान टेलर का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। उन्हें मैच की गेंद सौंपी गई और बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया।

## वार्न ने जोकोविच मामले में कहा, क्या कोई सामान्य शब्दों में बता सकता है क्या हुआ?



**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच के आस्ट्रेलिया के प्रवेश को लेकर हुए नाटक से शर्मसार महसूस कर रहे महान स्पिन गेंदबाज शेन वार्न ने गुरुवार को कहा कि वे कुछ सामान्य सवालों के जवाब चाहते हैं जैसे कि कोविड-19 संक्रमण के बावजूद सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया या नहीं और असल में किसने उसे यहां आने के लिए चिकित्सा छूट दी।

आस्ट्रेलिया ओपन में ऐतिहासिक 21वें ग्रैंडस्लैम पुरुष एकल खिताब के लिए चुनौती पेश करने की तैयारी में जुटे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच टेनिस आस्ट्रेलिया द्वारा चिकित्सा छूट दिए जाने के बाद बिना कोविड-19 टीकाकरण के आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद वैश्विक विवाद का केंद्र रहे हैं।

आस्ट्रेलिया पहुंचने पर 34 साल के इस खिलाड़ी का वीजा कर दिया गया और उन्हें हिरासत में रखा गया। उन्होंने हालांकि अदालत में कानूनी लड़ाई लड़कर अपना वीजा बहाल कराया और सोमवार को उन्हें मेलबर्न पार्क पर अभ्यास करते हुए देखा गया। जोकोविच ने कहा है कि उन्हें टीकाकरण की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पिछले महीने की कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। उस समय हालांकि विवाद हो गया जब बीमारी के दौरान उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की तस्वीरें साझा की गई। वार्न ने ट्वीट किया, क्या ये तथ्य सही हैं?

इस शर्मनाक प्रकरण में मैंने इतनी सारी अलग अलग खबरें पढ़ी हैं। नोवाक 16 दिसंबर को कोविड पॉजिटिव पाया गया और 17 को उसके सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसमें बच्चे भी शामिल थे। उसने कहा कि आस्ट्रेलिया आने से पहले उसने 14 दिन यात्रा नहीं की लेकिन क्या दो जनवरी को स्पेन गया था? विक्टोरिया में जन्मे वार्न ने 145 टेस्ट में आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया और 708 टेस्ट विकेट के साथ सबसे अधिक सफल स्पिनरों में शामिल हैं। उनसे अधिक टेस्ट विकेट मुथैया मुरलीधरन ने ही चटकाए हैं जिनके नाम पर 800 विकेट दर्ज हैं।

## सादियो माने के गोल से सेनेगल ने जिंबाब्वे को हराया, मोरक्को ने घाना को शिकस्त दी

**बाफोसम (कैमरून)।** सादियो माने के 97वें मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत सेनेगल ने अफ्रीकन कप आफ नेशन्स फुटबॉल टूनार्मेंट में जिंबाब्वे को 1-0 से हराया।

मोरक्को ने भी सोमवार को हुए एक अन्य मुकाबले में घाना को 1-0 से शिकस्त दी। मैच का एकमात्र गोल सोफियाने बोफाल ने 83वें मिनट में दागा।

इन दोनों मुकाबलों में खिताब की दावेदार तीन टीम खेल रही थी लेकिन इस दौरान विश्व स्तरीय फुटबॉल देखने को नहीं मिला।

इस साल कोविड-19 के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण और नेगेटिव वायरस परीक्षण रिपोर्ट दिखाने वाले दर्शकों को ही स्टेडियम में आने की इजाजत है। साथ ही स्टेडियम की क्षमता के केवल 60 प्रतिशत दर्शकों को ही आने की इजाजत है।

अफ्रीका की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ग्रुप बी में जिंबाब्वे के खिलाफ छाप छोड़ने में नाकाम रही जिसकी रैंकिंग उससे 101 स्थान कम है। सेनेगल की टीम हालांकि इस मुकाबले में गोलकीपर एडवर्ड मेंडी और कप्तान कालिदू कोलिबाली के बिना खेल रही थी जो कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एफए कप में एस्टन विला को हराय

**मैनचेस्टर।** चोटिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे मैनचेस्टर यूनाईटेड को सोमवार को यहां एस्टन विला के खिलाफ एफए कप फुटबॉल टूनार्मेंट के तीसरे दौर के मुकाबले में 1-0 से जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

स्कॉट मैकटोमिनाय ने आठवें मिनट में ही यूनाईटेड को बढ़त दिला दी जो अंत में निर्णायक साबित हुई।

मैकटोमिनाय ने साथी मिडफील्डर फ्रेड के क्रॉस को हेडर से गोल में बदला।

मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम अब चौथे दौर के मुकाबले में अगले महीने घरेलू स्टेडियम पर दूसरे टीयर की टीम मिडल्सब्रॉ से भिड़ेगी।
रोनाल्डो कूल्हे में चोट के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए जिसे मैनेजर रेंगनिक ने मामूली चोट करार दिया है।

## आयरलैंड टीम में संक्रमण के और मामले, जमैका में दूसरा वनडे स्थगित

**किंगस्टन (जमैका)।** वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच मंगलवार को यहां होने वाला दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला स्थगित कर दिया गया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) और क्रिकेट आयरलैंड ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी करके कहा कि टीम में कोरोना वायरस संक्रमण के दो और मामले पाए गए हैं जबकि दो खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं जिससे टीम काफी कमजोर हो गई है।

नामों का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन आयरलैंड के कुल पांच खिलाड़ी पृथकवास में हैं। पॉल स्टर्लिंग, सिमी सिंह और बेन वाइट पिछले हफ्ते पॉजिटिव पाए गए थे और शनिवार को पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे जिसे मेजबान टीम ने 24 रन से जीता था।

दोनों बोर्ड कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे हैं और उन्हें एकदिवसीय श्रृंखला पूरी करने की उम्मीद है। तीसरा और अंतिम मुकाबला शुक्रवार को खेला जाना है। एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला रविवार को होना है। ये सभी मुकाबले किंगस्टन के सबीना पार्क में खेले जाने हैं।

आयरलैंड का अमेरिका और वेस्टइंडीज का दौरा बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

अमेरिका के खिलाफ 26 से 30 दिसंबर तक होने वाली आयरलैंड की तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला संक्रमण के मामलों के कारण रद्द कर दी गई। शुरूआत में ये मामले मैच अधिकारियों के बीच आए थे। आयरलैंड के स्टाफ का एक सदस्य और कई अमेरिकी खिलाड़ी दूसरे एकदिवसीय से पहले पॉजिटिव पाए गए थे। मामले बढ़े और दोनों टीम को करीबी संपर्क मानकर श्रृंखला रद्द करने के लिए बाध्य होना पड़ा।

## एआईएफएफ ने पांच मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ पेरोसेविच की अपील खारिज की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग मैच के दौरान मैच अधिकारियों के प्रति ह्यहिंसक बर्तावह्न के लिए पांच मैच के प्रतिबंध के खिलाफ एससी ईस्ट बंगाल के खिलाड़ी एंटोनियो पेरोसेविच की अपील खारिज कर दी है।

क्रोएशिया का यह खिलाड़ी अब एससी ईस्ट बंगाल के जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के खिलाफ अगले दो आईएसएल मैच में नहीं खेल पाएगा। पेरोसेविच पहले ही पांच मैच के निलंबन में से तीन मैच के निलंबन को पूरा कर चुके हैं।

एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्यएआईएफएफ अपील समिति ने 10 जनवरी को इस मामले पर चर्चा की और पेरोसेविच की अपील को सिरे से खारिज कर दिया।

## आस्ट्रेलिया और सर्बिया के प्रधानमंत्रियों ने जोकोविच के वीजा मुद्दे पर चर्चा की



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया और सर्बिया के प्रधानमंत्रियों ने मंगलवार को नोवाक जोकोविच के वीजा मुद्दे पर चर्चा की। सर्बिया के दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी ने आस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा लेने के लिए अदालती जंग जीत ली है लेकिन इसके बावजूद कोविड-19 के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण नहीं होने के कारण उन पर निर्वासन का खतरा मंडरा रहा है। इस पूरे मामले में हालांकि सर्बिया के 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता खिलाड़ी को काफी समर्थन मिला है।

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और सर्बिया की उनकी समकक्ष अना बर्नाबिक ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान सहमति जताई कि वे 34 साल के जोकोविच के विवादास्पद वीजा मुद्दे पर संपर्क में रहेंगे। मॉरिसन के कार्यालय ने यह जानकारी दी। मॉरिसन के कार्यालय ने बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने हमारी निष्पक्ष सीमा नीति और कोविड-19 महामारी के दौरान आस्ट्रेलिया को बचाने में इसकी भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा, वे दोनों सहमत हुए हैं कि इस मुद्दे पर संपर्क में रहेंगे। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता रेडियो टेलीविजन सर्बिया (आरटीएस) के अनुसार बर्नाबिक ने मॉरिसन को सुनिश्चित करने को कहा है कि इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के साथ मयार्दापूर्ण व्यवहार किया जाए।

आरटीएस के अनुसार, सर्बिया की प्रधानमंत्री ने विशेष तौर पर आगामी प्रतियोगता से पहले ट्रेनिंग और शारीरिक तैयारी के महत्व पर जोर दिया है, विशेषकर यह ध्यान में रखते हुए कि पिछले दिनों नोवाक जोकोविच को ट्रेनिंग की स्वीकृति नहीं दी गई और मेलबर्न में इस सप्ताहांत टूनार्मेंट शुरू होगा।

अदालत का फैसला अपने पक्ष में आने के कुछ घंटों बाद ही जोकोविच मेलबर्न टेनिस कोर्ट पर ट्रेनिंग के लिए पहुंचे।

जोकोविच ने मंगलवार को मध्यरात्रि के बाद ट्वीट किया, मुझे खुशी है और मैं आभारी हूं कि जज ने मेरा वीजा रद्द करने के फैसले को बदल दिया। जो भी हुआ उसके बावजूद मैं यहां रहना चाहता हूं और आस्ट्रेलियाई ओपन में चुनौती पेश करना चाहता हूं। हमार ध्यान इसी पर है। उन्होंने कहा, मैं यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक में हिस्सा लेने आया हूं जो शानदार दर्शकों के सामने खेली जाती है।

आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉक हालांकि एक अन्य कानून के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए जोकोविच को निर्वासित करने पर विचार कर रहे हैं। हॉक के कार्यालय ने बयान में कहा, मंत्री अभी इस मामले पर विचार कर रहे हैं और यह प्रक्रिया अभी जारी है।

## अगर आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान जाएंगे तो मैं उनके साथ जाऊंगा: एसीए प्रमुख

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ (एसीए) के प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग ने देश के क्रिकेटरों को आश्वासन दिया है कि अगर दौरे को अंतिम स्वीकृति मिलती है तो वह उनके साथ पाकिस्तान जाएंगे लेकिन अगर एक या दो खिलाड़ी दौरे से पीछे हटते हैं तो वह उनके फैसले का सम्मान करते हैं। टीम को अगर यात्रा करने के लिए सुरक्षा क्लीयरेंस मिलती है तो यह 1998 के बाद आस्ट्रेलिया का पहला पाकिस्तान दौरा होगा। तब मार्क टेलर की टीम ने पाकिस्तान में तीन टेस्ट की श्रृंखला 1-0 से जीती थी। ग्रीनबर्ग ने द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, मैंने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया है कि वे अकेले नहीं जाएंगे। अगर वे पाकिस्तान जाएंगे तो मैं उनके साथ जाऊंगा और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। यह खिलाड़ियों को यह दशार्ने का मौका है कि इस स्थिति में हम एकजुट हैं। उन्होंने कहा, एसीए के प्रतिनिधि पिछले साल के अंत में पाकिस्तान दौरे से पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया के साथ पाकिस्तान गए थे और उनकी रिपोर्ट काफी सकारात्मक थी। ग्रीनबर्ग ने कहा, लेकिन हम डीएफएटी और अन्य सरकारी संगठनों की सलाह लेना जारी रखेंगे क्योंकि हमें सिर्फ खिलाड़ियों को ही नहीं बल्कि उनके परिवारों को भी संतुष्ट करना है कि यह सुरक्षित दौरा है। लाहौर में 2009 में श्रीलंका की टीम बस पर आतंकी हमले के बाद से अंतरराष्ट्रीय टीम पाकिस्तान का दौरा करने से हिचकती रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हालांकि इस बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शिरकत की है और वेस्टइंडीज ने भी दिसंबर 2021 में टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। ग्रीनबर्ग समझ सकते हैं कि सुरक्षा आश्वासन के बावजूद कुछ क्रिकेटर पाकिस्तान दौरे से हट सकते हैं लेकिन वह किसी को बाध्य नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, हमारी सर्वश्रेष्ठ सलाह के बावजूद एक या दो खिलाड़ी सहज नहीं होंगे और इसमें कोई समस्या नहीं है, हमें इसका सम्मान करना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले भी दौरे के कुछ हिस्से के लिए पाकिस्तान जाने की योजना बना रहे हैं जबकि अंतरिम अध्यक्ष रिचर्ड फ्रेडेनस्टीन भी पाकिस्तान के समकक्ष रमीज राजा से मिलने जा सकते हैं।

# डब्ल्यूएचओ ने चेताया, दो माह में आधा यूरोप होगा ओमिक्रॉन का शिकार

**कोपेनहेगेन (डेनमार्क)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पूरी दुनिया को एक डराने वाली चेतावनी दी है। डब्ल्यूएचओ में यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हेन्स हेनरी पी क्लग ने कहा है कि अगले छह से आठ सप्ताह यानी दो माह के भीतर आधा यूरोप ओमिक्रॉन का शिकार होगा। डॉ.क्लग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वर्ष 2022 की शुरूआत से ही कोरोना का ओमिक्रॉन प्रारूप पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बना हुआ है। सिर्फ यूरोपीय देशों में ही 70 लाख से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। यूरोप और मध्य एशिया के 53 में से 50 देशों में ओमिक्रॉन दस्तक दे चुका है। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ



हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैलुएशन ने भविष्यवाणी की है कि अगले छह से आठ सप्ताह में यूरोप की 50 प्रतिशत आबादी कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारूप की चपेट में होगी।

कोरोना के ओमिक्रॉन को लेकर दुनियाभर में तनाव भी बढ़ रहा है। मंगलवार को ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री मासेली क्विरोगा ने कहा कि ब्राजील में कोरोना तो बढ़ ही रहा है, कोरोना से संक्रमित लोगों में से सर्वाधिक ओमिक्रॉन वैरिएंट के ही हैं। हताश मासेली क्विरोगा ने कहा कि तमाम चिकित्सकीय प्रयास सफल ही नहीं हो पा रहे हैं। हर तरह के प्रयासों व उपायों के बावजूद कोरोना उन्हें परास्त कर आ ही जाता है। उन्होंने कोरोना के अन्य वैरिएंट की तुलना में ओमिक्रॉन को सर्वाधिक प्रभावी प्रारूप करार देते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही कहा कि टीकाकरण की मजबूत रणनीति भी मरीजों की संख्या बढ़ने से नहीं रोक पा रही है। हम बड़ी संख्या में अस्पतालों में कोरोना से तड़पते मरीजों को देख रहे हैं। हमें अकल्पनीय मौतें भी देखनी पड़ रही हैं।

**ढाका।** बांग्लादेश ने कोरोना के मामलों में ताजा बढ़ोतरी के बीच नए प्रतिबंधात्मक उपाय जारी किए हैं, जो गुरुवार से लागू होंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एक सरकारी नोटिस के हवाले से कहा कि निदेर्शों के अनुरूप, लोगों को सभी समारोहों, शॉपिंग मॉल और रेस्तरां में मास्क पहनना होगा, वरना उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। बसों और ट्रेनों को आधी क्षमता से संचालित किया जाएगा, जबकि ओमिक्रॉन वेरिएंट के आगे फैलने की आशंकाओं के बीच सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यो सहित सभी सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उपायों के मुताबिक लोगों को रेस्टोरेंट में खाने और होटलों में ठहरने के लिए अपना वैक्सीन सर्टिफिकेट दिखाना होगा। मोबाइल कोर्ट यह सुनिश्चित करने के लिए अभियान शुरू करेंगे कि लोग फेस मास्क पहनें और अन्य स्वास्थ्य नियमों का पालन करें। बांग्लादेश में सोमवार को कोरोना के 2,231 नए मामले सामने आए, जो पिछले साल 10 सितंबर के बाद से ज्यादा संख्या है।

## यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली का निधन

**वाशिंगटन।** यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली का इटली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रवक्ता ने मंगलवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी।

प्रवक्ता रॉबर्टो कुइलो ने ट्वीट में बताया कि इटली के उत्तर-पूर्वी शहर एवियानो में सोमवार देर रात एक बजकर 15 मिनट पर सासोली का निधन हो गया। ट्वीट में अन्य कोई जानकारी नहीं दी गई।

कुइलो ने एक दिन पहले एक बयान में बताया था कि सासोली को रोग-प्रतिरोधी प्रणाली संबंधी परेशानी के बाद 26 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुइलो ने बयान में कहा था, रोग-प्रतिरोधी प्रणाली संबंधी गंभीर परेशानी के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी थी।

सासोली (65) को 2009 में पहली बार यूरोपीय संसद का अध्यक्ष चुना गया था। 2014 में वह संसद के उपाध्यक्ष चुने गए थे। सांसदों के इस महीने के अंत में अपना नया अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए मतदान करने का निर्णय करने के बाद उन्होंने फिर से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था। यूरोपीय संसद का मुख्यालय फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में है। यह यूरोपीय संघ के 45 करोड़ नागरिकों का प्रतिनिधित्व करता है और खुद को यूरोपीय लोकतंत्र का हृदय बताता है। यह यूरोपीय संघ की सात शाखाओं में से एक है और इसके 700 से अधिक सदस्य हैं।

## चीन ने तीसरे शहर में लॉकडाउन लगाया, प्रभावित लोगों की कुल संख्या दो करोड़ हुई

**बीजिंग।** कोविड-19 के प्रकोप के चलते चीन के तीसरे शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया है जिससे देश में घरों के अंदर बंद रह रहे निवासियों की संख्या करीब दो करोड़ के पार पहुंच गई है।

अभी यह साफ नहीं है कि अनयांग शहर में लॉकडाउन कितने दिन तक प्रभावी रहेगा क्योंकि एक नोटिस में कहा गया है कि यह बड़े पैमाने पर जांच के लिए लगाया गया है। नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जांच प्रक्रिया कब तक पूरी हो सकती है। शहर की आबादी 55 लाख है। इसके अलावा शियान में 1.3 करोड़ लोग और युझोउ में 11 लाख लोग लॉकडाउन के तहत हैं।

## अफगानिस्तान में मारा गया खुरासानी: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** प्रतिबंधित तहरीक आई-पाकिस्तान (टीटीपी) का वरिष्ठ नेता खालिद बलती उर्फ मोहम्मद खुरासानी अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत नंगरहार में मारा गया है। यह जानकारी पाकिस्तान अखबार डॉन ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में दी। अखबार के मुताबिक पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने खुरासानी से मारे जाने की पुष्टि की है। अखबार ने कहा है कि अधिकारी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि खुरासानी की हत्या किन परिस्थियों में हुई। आधिकारिक बलती टीटीपी का प्रवक्ता रहा था और पाकिस्तान में आम लोगों तथा सुरक्षा बलों पर कई हमलों को अंजाम देने में शामिल रहा था। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से बलती अक्सर काबुल का दौरा कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि बलती टीटीपी के विभिन्न गुटों को एकजुट करने की कोशिश कर रहा था और पाकिस्तान में टीटीपी प्रमुख मुफ्ती नूर वली महसूद के साथ आतंकवादी हमले करने की योजना भी बना रहा था। अफगान सरकार के एक प्रवक्ता ने हालांकि टीटीपी के वरिष्ठ सदस्य की हत्या से इनकार किया और कहा कि उनके देश में ऐसी कोई घटना नहीं घटित हुई है।

## मेक्सिको के राष्ट्रपति दूसरी बार कोरोना वायरस से संक्रमित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर ने सोमवार को बताया कि वह दूसरी बार कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। राष्ट्रपति ओब्रादोर ने बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। पिछले वर्ष की शुरूआत में भी वह संक्रमित पाए गए थे। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, हालांकि लक्षण मामूली हैं, फिर भी मैं पृथक रहूंगा और अगले आदेश तक सभी बैठकें ऑनलाइन करूंगा। इस दौरान, गृह मंत्री एदान ऑगस्तो लोपेज हर्नांडेज मेरी तरफ से संवाददाता सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

इससे पहले, राष्ट्रपति ने मेक्सिको के लोगों से कहा था कि अगर आप में लक्षण है, तो यह मानकर चलें कि आप संक्रमित हैं।

## कोरोना प्रकोप के बीच नई मुसीबत की दस्तक, थाइलैंड में मिला अफ्रीकन स्वाइन फ्लू

**बैंकाक।** कोरोना की दहशत से जूझ रही दुनिया के सामने अब अफ्रीकन स्वाइन फ्लू नई मुसीबत बनकर सामने आया है। इस बार मुसीबत की यह बयार थाइलैंड से आयी है। वहां के एक स्लॉटर हाउस में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू का नमूना मिला है। थाइलैंड ने इस बीमारी के पहले मामले की पुष्टि की है। थाइलैंड की स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नेखॉन पैठम प्रांत के एक स्लाटर हाउस से लिए गए एक नमूने में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। सुअरों में होने वाली इस बीमारी के प्रसार को लेकर पिछले एक सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे। 10 सुअर फॉर्म्स और दो स्लॉटर हाउस से लिए गए 309 नमूनों में से एक में यह बीमारी पाई गयी। थाइलैंड के पशु विकास विभाग के महानिदेशक सोराविस थानेटो ने इस जानकारी के साथ बीमारी के स्रोत तक पहुंचने का वादा किया। जहां यह नमूना मिला है, उसके आसपास के पांच किलोमीटर के क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया जाएगा। इसकी जानकारी विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन को भी दी जाएगी। इससे पहले जर्मनी में जंगली सुअरों में ऐसे मामले सामने आए थे। भारत में भी मई 2020 में असम में अफ्रीकी स्वाइन फीवर के संक्रमण से 13 हजार से ज्यादा सुअरों की मौत हो गई थी।

## स्वीडन ने कोरोना मामलों में वृद्धि के बीच, लगाए नए प्रतिबंध

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में कोरोना मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसी को देखते हुए वहां कड़े प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार से एक बार फिर घर से काम करना सामान्य हो जाएगा और इनडोर कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या को घटाकर 500 कर दिया जाएगा।

इस बीच रात 11 बजे तक रेस्टोरेंट को बंद करना होगा।

मौजूदा प्रतिबंधों में बड़े आयोजनों में भाग लेने के लिए टीकाकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। भीड़ वाली बसों और ट्रेनों में फेस मास्क पहनना जरूरी होगा।



प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्थिति खराब हो गई है क्योंकि स्वीडन में संक्रमण का स्तर बढ़ गया है।

उन्होंने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि हर कोई जो घर से काम कर सकता है, उसे करना चाहिए।

पिछले हफ्ते, 24 घंटे में भीतर पुष्टि किए गए मामलों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

स्वीडन के राजा और रानी साथ ही साथ क्राउन प्रिंसेस और उनके पति, उन लोगों में से हैं जो हाल ही में संक्रमित हुए हैं।

कोरोना टेस्ट की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जिससे स्वीडन के कम से कम एक क्षेत्र को विश्लेषण के लिए जर्मनी को परीक्षण भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा।

स्वीडिश पब्लिक हेल्थ एजेंसी के महानिदेशक करिन टेगमार्क विसेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीकाकरण वाले व्यक्तियों में संक्रमण दर भी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा, हम ऐसी स्थिति में हैं जहां संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है और नया ओमिक्रॉन वेरिएंट उन लोगों के लिए भी बहुत संक्रामक साबित हुआ है, जिन्होंने टीके की दोनों खुराक नहीं ली है, हालांकि इसके बाद आमतौर पर बहुत हल्के लक्षण होते है।

## तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री ने ईरान में अहमद मसूद से मुलाकात की

**काबुल।** तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी फिलहाल 26 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ईरान में हैं। उन्होंने नेशनल रेजिस्टेंस फ्रंट के नेता अहमद मसूद के साथ बातचीत की, जिस दौरान अफगानिस्तान में उनकी सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया गया । ये जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से सामने आई है।तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बैठक की पुष्टि की, जिसमें हेरात प्रांत के पूर्व गवर्नर इस्माइल खान ने भी सोमवार को एक ट्वीट में कहा कि अफगानिस्तान का इस्लामी अमीरात अफगानिस्तान की स्थिति को सभी के लिए सुरक्षित और अनुकूल बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि लोगों के लिए आईईए का विरोध करने के लिए कोई अवसर न हो। तालिबान के कतर स्थित कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद नईम द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य वीडियो में, मुत्ताकी को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि हां, हम अहमद मसूद, कमांडर इस्माइल खान और अन्य अफगानों से मिले। हमने उन सभी को आश्वासन दिया कि वे आ सकते हैं। वापस जाओ और बिना चिंता का जीवन जियो। टोलो न्यूज ने बताया, हालांकि तालिबान विरोधी राष्ट्रीय प्रतिरोध मोर्चा ने अभी तक आधिकारिक तौर पर बैठक की पुष्टि नहीं की है, हालांकि गठबंधन के एक सदस्य हाफिज मंसूर ने कहा कि ऐसा हुआ है।

ईरानी मीडिया रिपोटरें ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खतीबजादा के हवाले से बताया कि तेहरान ने बैठक की मेजबानी की, यह कहते हुए कि अफगान पार्टियों के बीच अच्छी चर्चा हुई। मसूद कथित तौर पर पिछले सितंबर में ताजिकिस्तान भाग गए थे, जब तालिबान ने अफगानिस्तान के आखिरी प्रांत पंजशीर घाटी पर कब्जा कर लिया था। राजनीतिक, आर्थिक और पारगमन मुद्दों के साथ-साथ ईरान में अफगान शरणार्थियों पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मुत्ताकी रविवार को तेहरान पहुंचे। अफगानिस्तान पर अधिकार करने के बाद तालिबान के किसी उच्च पदस्थ प्रतिनिधिमंडल का यह पहला आधिकारिक दौरा है। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने नवंबर 2021 में काबुल का दौरा किया था, इस दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की थी। सूत्रों ने टोलो न्यूज को बताया कि हालांकि ईरानी सरकार ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है।

## ईरान ने वियना वार्ता में अंतरिम समझौते की संभावना से किया इंकार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खतीबजादेह ने तेहरान और बाकी पक्षों के बीच 2015 के परमाणु समझौते, जिसे जेसीपीओए के रूप में भी जाना जाता है, के बीच चल रही वियना बैठकों में एक अस्थायी समझौते की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का सौदा इस्लामी गणराज्य की मांगों को पूरा नहीं करेगा। खतीबजादेह ने कहा, हम सभी को यह सुनिश्चित करने की कोशिश करनी चाहिए कि जेसीपीओए में संयुक्त राज्य की वापसी आवश्यक गारंटी और सत्यापन के साथ है और जेसीपीओए के तहत प्रतिबंधों को हटाना प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। इनमें से कोई भी अंतरिम समझौते से हासिल नहीं किया जा सकता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को अपनी प्रेस वार्ता में टिप्पणी करते हुए, खतीबजादेह ने कहा कि हम एक स्थिर और विश्वसनीय समझौते की तलाश कर रहे हैं और कोई भी समझौता जिसमें ये दो घटक नहीं हैं, हमारे एजेंडे में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वियना वार्ता केवल जेसीपीओए में अमेरिका की पूर्ण, जिम्मेदार और सत्यापन योग्य वापसी सुनिश्चित करने के बारे में है। ईरान 2015 के सौदे के ढांचे के बाहर वियना वार्ता में किसी भी मुद्दे को उठाने को स्वीकार नहीं करेगा। जहां तक वियना में वार्ता की प्रगति का सवाल है, उन्होंने कहा कि हम न तो निराशावादी और न ही आशावादी तरीके से बातचीत करते हैं। हम वास्तविकता के आधार पर बातचीत करते हैं।

## कोविड-19: जापान फरवरी में अधिकतर विदेशी नागरिकों के लिए देश की सीमाएं बंद रखेगा

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने मंगलवार को कहा कि बुजुर्गों को कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक देने के कार्यक्रम को तेज करने और कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के प्रसार को रोकने के मद्देनजर फरवरी में अधिकतर विदेशी नागरिकों के लिए देश की सीमाएं बंद रहेगी। कोविड-19 के मामले कम होने के बाद जापान ने नवंबर में सीमाएं खोल दी थीं, लेकिन अब नए स्वरूप के कारण संक्रमण के मामलों में वृद्धि हो रही है। इसके मद्देनजर अधिकतर विदेशी नागरिकों के लिए एक बार फिर सीमाएं बंद करने का फैसला किया गया है। किशिदा ने कहा कि कड़े सीमा प्रतिबंधों ने संक्रमण के प्रसार को धीमा करने में मदद की है और इसके प्रकोप के बढ़ने से निपटने की तैयारी के लिए समय भी दिया है।

जापान में दिसंबर में संक्रमण के काफी कम मामले थे, लेकिन नए स्वरूप के सामने आने के बाद अचानक मामलों में काफी वृद्धि देखी गई। किशिदा ने पिछले साप्ताह तीन प्रांतों ओकिनावा, यामागुची और हिरोशिमा में एक पूर्व-आपात स्थिति की घोषणा की थी, जिसके तहत भोजनालयों से सेवा के घंटों को कम करने का अनुरोध किया गया था।

देश में दिसंबर में चिकित्सकर्मियों को कोविड-19 रोधी टीकों की बूस्टर खुराक दी जानी शुरू हो गई थी, लेकिन इसकी दर काफी कम है।

शुक्रवार तक जापान की केवल 0.6 प्रतिशत आबादी को तीसरी खुराक दी गई थी। विशेषज्ञों ने सरकार से बुजुर्गों को बूस्टर खुराक देने के कार्यक्रम को तेज करने का आग्रह किया है। जापान के स्वास्थ्य मंत्री शिगयुकी गोतो ने टीकाकरण दर कम होने के लिए आयातित टीकों की कमी के बजाय स्थानीय नगर पालिकाओं द्वारा तैयारियों में देरी को जिम्मेदार ठहराया है।कड़ों के अनुसार, जापान में सोमवार को संक्रमण के 6,438 नए मामले सामने आए थे। वहीं, तोक्यो में पिछले सप्ताह की तुलना में आठ गुना अधिक 871 दैनिक मामले सामने आए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकतर नए मामले ओमीक्रोन स्वरूप के हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

## चीन की शीतकालीन ओलंपिक तैयारियों पर कोरोना का ग्रहण, दो करोड़ लोग घरों में कैद

**बीजिंग।** अगले महीने चीन की राजधानी बीजिंग में शुरू हो रहे शीतकालीन ओलंपिक की तैयारियों पर कोरोना ग्रहण बनकर टूट पड़ा है। वहां तीन शहरों में लॉकडाउन लागू कर दिये जाने के कारण दो करोड़ लोग घरों में कैद होने को विवश हैं।

चीन इस वर्ष शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी कर रहा है। चीन की राजधानी बीजिंग में अगले माह, 4 फरवरी से 20 फरवरी तक शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन होना है। चीन में ओलंपिक की जोरदार तैयारियों के बीच एक बार फिर कोरोना का संकट मुंह बाए खड़ा है।

शीतकालीन ओलंपिक से पहले चीन में अचानक कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। इससे निपटने के लिए चीन सरकार ने शियान और तियानजिन शहरों में लॉकडाउन की घोषणा कर दी थी। सोमवार को एक अन्य शहर आन्यांग में कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारूप के नए मरीज सामने आने के बाद वहां अधिकारियों की सक्रियता बढ़ी है। जांच-पड़ताल के बाद मंगलवार को चीन प्रशासन ने आन्यांग शहर में भी पूर्ण लॉक डाउन लागू करने की घोषणा कर दी।

## भारत, अमेरिका के 2022 में कई पहलों पर आगे बढ़ने की उम्मीदः व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका को कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने, जलवायु परिवर्तन, चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों समेत व्यापक पहलों पर साथ आगे बढ़ने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि पिछले सितंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस में मेजबानी की थी और उनकी बैठक का मकसद अमेरिका-भारत संबंधों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू करना था। उस समय, दोनों नेताओं ने अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को लेकर अपने साझा दृष्टिकोण को साझा किया था और हम इस साल निकटता से मिलकर काम करना जारी रखेंगे।



साकी से 2022 में भारत और अमेरिका के संबंधों के संदर्भ में बाइडन प्रशासन के एजेंडे पर सवाल किया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने कहा, आप उम्मीद कर सकते हैं कि हमारी सरकारें वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए सहयोग से लेकर, जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयास तेज करने, द्विपक्षीय तरीके से और क्वाड के जरिए काम करने, व्यापार एवं निवेश में सहयोग बढ़ाने, साइबर और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी तक व्यापक पहलों में आगे बढ़ेंगीं। साकी ने कहा, हम हमेशा की तरह वार्ता जारी रखेंगे, हम हमारे लोगों के बीच गहरे संबंधों और हमारे संबंधों के आधार हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। निस्संदेह, हम यहां से संबंधों को आगे बढ़ाएंगे। भारत के साथ लगती सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार संबंधी एक और सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका हालात पर लगातार नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, हम हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं। हम इन सीमा विवादों के वार्ता के जरिए तथा शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। हम इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि हम क्षेत्र में चीन के व्यवहार को किस प्रकार देखते हैं। हमारा मानना है कि यह अस्थिर करने वाला हो सकता है और हम अपने पड़ोसियों को डराने की चीन की कोशिश से चिंतित हैं। साकी ने कहा, हम इस मामले पर अपने साझेदारों के साथ खड़े रहेंगे।

## मोदी कोविड-19 की मौजूदा स्थिति पर आज मुख्यमंत्रियों के साथ कर सकते हैं बैठक

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के कारण संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर सकते हैं।

यह जानकारी मंगलवार को सूत्रों ने दी। संक्रमण के तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए देश के विभिन्न हिस्सों में नए प्रतिबंध लगाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने रविवार को देश में कोविड-19 महामारी के हालात, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे और आपूर्ति व्यवस्था की चल रही तैयारियों, देश में टीकाकरण अभियान की स्थिति, ओमीक्रोन के प्रसार और इसके जन स्वास्थ्य प्रभाव की समीक्षा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी।

उन्होंने इस दौरान जिला स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी पर्याप्त बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किए जाने और वयस्कों के लिए टीकाकरण मुहिम मिशन मोड पर तेज किए जाने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने कहा था कि राज्यों के हालात, तैयारियों और जन स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक बुलाई जाएगी।